वर्ष- 22 अंक - 52 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 03 अगस्त 2026

## आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने पुरी बीच पर रेत से बनाई भगवान शिव की आकृति




# दतिया उपचुनाव में कांटे की टक्कर

## पहले आगे चल रही भाजपा की लीड घटी

### बिहार में भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन की सीट पर प्रशांत किशोर आगे

*गुजरात के मांजलपुर में भाजपा को बढ़त*



**सोमवार.एजेंसी।** आज मध्यप्रदेश के दतिया, बिहार के बांकीपुर और गुजरात के मांजलपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव की मतगणना हो रही है। दतिया में पहले राउंड में भाजपा आगे चल रही थी, लेकिन बाद के 2 राउंड में कांग्रेस प्रत्याशी ने बढ़त बना ली, जिसके कारण यहां कांटे की टक्कर के हालात बने हुए हैं। फिलहाल यहां तीन राउंड के बाद भाजपा 139 मतों से आगे है। यहां भाजपा के आशुतोष तिवारी और कांग्रेस के घनश्याम के बीच मुकाबला है। इस चुनाव में कांग्रेस की तरफ से जीतू पटवारी ने पूरी ताकत लगाई थी। जबकि भाजपा की तरफ से मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित तमाम नेताओं ने एड़ी चोटी का जोर लगाकर कांग्रेस से यह सीट छिनने का प्रयास किया था। उधर गुजरात के मांजलपुर में भाजपा के सतेंद्र भाई पटेल ने शुरुआती बढ़त बनाई जबकि बिहार के बांकीपुर में जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर आगे चल रहे हैं। यहां भाजपा दूसरे नंबर पर चल रही है और राजद तीसरे नंबर पर है। पहले यह सीट भाजपा के पास थी और नितिन नबीन यहां के विधायक थे। भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने इस सीट से इस्तीफा दिया था।

## सुबह-सुबह 1 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे महाकाल

**उज्जैन.एजेंसी।** आज सावन के पहले सोमवार पर महाकाल मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह-सुबह 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। आज शाम को महाकाल की पहली सवारी भी निकलेगी। उधर अयोध्या में ट्रक की टक्कर से एक कांवड़िये की मौत हो गई। जबकि राय बरेली में भी सड़क हादसे में कई कांवड़ियें घायल हो गए।

## मोदी को गाली देने वाली लड़की के खिलाफ केस वापस

**नई दिल्ली.एजेंसी।** जंतर-मंतर पर कॉकरोच आंदोलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली 15 वर्षीय लड़की के खिलाफ दर्ज जीरो एफआईआर पर दिल्ली पुलिस आगे कार्रवाई नहीं करेगी। लड़की ने माफी मांग ली थी और पीएम मोदी ने भी उसे माफ करने की बात कही थी।

## बिजली गिरी, 10 मरे

**सोमवार.एजेंसी।** भारी बारिश के दौरान बिहार और झारखंड में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई। उधर उत्तराखंड में भूस्खलन से गंगोत्री-यमुनोत्री मार्ग बंद हो गया। मध्यप्रदेश में अभी 15 इंच बारिश हुई है जो कि सामान्य से कम है।

## खड़ी ट्रेन में लगी आग कूदकर भागे यात्री



**सहरसा.एजेंसी।** समस्तीपुर से सहरसा आ रही पैसेंजर मेमू ट्रेन के इंजन में देर रात अचानक आग लग गई। घटना सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन की है। जहां रात करीब 3:45 बजे प्लेटफॉर्म पर खड़ी ट्रेन के इंजन से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इंजन से बढ़ते हुए ट्रेन की कई बोगियों तक पहुंच गईं, जिससे स्टेशन परिसर में अफरातफरी मच गई। हादसे के समय यात्री ट्रेन में सो रहे थे जो सामान छोड़कर ट्रेन से कूदकर भागे।

## युद्ध रुकने से शेयर बाजार में उछाल, तेल हुआ सस्ता

**सोमवार ● एजेंसी**

खाड़ी देशों के कहने पर अमेरिका ने फिलहाल ईरान के खिलाफ युद्ध रोक दिया। आज दोनों देशों के बीच बातचीत शुरू होगी। यह युद्ध रुकने से शेयर बाजार में आज तगड़ा उछाल आया। सेंसेक्स ने 788 अंक उछलकर 78883 के लेवल पर कारोबार की शुरुआत की। जबकि एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी 189 अंकों की बढ़त हासिल करते हुए 24572 के लेवल पर खुलने में कामयाब रहा। इसी तरह कच्चे तेल के भाव में भी बड़ी गिरावट आई।

## पाकिस्तान ने बॉर्डर पर तैनात कर दीं तोपें

**सोमवार.एजेंसी।** पाकिस्तान ने भारत के साथ लगी सीमा पर चीनी 250 एचएच-15 ट्रक-माउंटेड सेल्फ-प्रोपेल्ड होवित्जर आर्टिलरी सिस्टम तैनात किए हैं।

## अब मिस्त्र थर्राया

**काहिरा.एजेंसी।** मिस्त्र में आज 5.4 तीव्रता का भूकंप आया जिससे मिस्त्र के अलावा आसपास के कई देश थर्रा गए। लोगों में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकल आए।

## थाने में आत्मघाती धमाका, 14 की मौत

**इस्लामाबाद.एजेंसी। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में एक पुलिस स्टेशन पर आत्मघाती हमला हुआ। इसमें 8 पुलिसकर्मी समेत 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। आतंकवाद के खिलाफ शांति रैली के दौरान एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को पुलिस स्टेशन के गेट पर उड़ा लिया।**

## भाजपा के वरिष्ठ नेता पारस जैन का निधन



**उज्जैन.एजेंसी।** उज्जैन उत्तर से कई बार विधायक रहे मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री पारस जैन का निधन हो गया। वे 76 साल के थे और कई दिनों से बीमार चल रहे थे। इंदौर में उनका इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार आज उज्जैन के चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर किया जाएगा।






# माहेश्वरी समाज चुनाव में इनानी की पैनल की एकतरफा जीत

## ढोल ढमाके एवं आतिशबाजी भी हुई विजेताओं को फूल माला से लाद दिया





इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। पश्चिम मध्य प्रदेश प्रादेशिक सभा के चुनाव कल प्रदेश स्तर के माहेश्वरी स्कूल महू में आयोजित हुए। साढ़े पांच घंटे तक मतदान चला और उसके बाद परिणाम घोषित किए गए। दो पैनल टीम उमा महेश और रणजीत पैनल आमने सामने थी। चुनाव में एक तरफ नेतृत्व अशोक इनानी कर रहे थे तो दूसरी तरफ पवन लड्ढा का नेतृत्व था। टीम उमा महेश पैनल के सात प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध जीत कर आधी फतेह हासिल कर चुके थे। बची हुई सात पदाधिकारी पद और तीन कार्यसमिति के पद पर कल मतदान हुआ। अशोक इनानी की पैनल के सातों पदाधिकारियों की जीत हुई। अध्यक्ष पद पर अजय झंवर, महामंत्री पद पर मधुसूदन भलिका, उपाध्यक्ष पद पर राजेश मूंगड़, कोषाध्यक्ष पद पर दिलीप लोया और संगठन मंत्री पद पर रूपेश भूतड़ा के अलावा संयुक्त सचिव पद पर सुरेश हेड़ा एवं भोज अंचल उपाध्यक्ष पद पर रविकांत परवाल की जीत हुई। इन सात पदों के अलावा तीन कार्यसमिति के पदों पर गोविंद बेडिया, गोविंद बियाणी, प्रेम माहेश्वरी की जीत हुई। इस तरह उमा महेश पैनल की एक तरफा 7 पदों पर जीत हुई और कुल 14 पद हासिल किए। इस जीत के पीछे टीम के कप्तान अशोक इनानी की जीत बताई गई। वहीं गत बार के मानद मंत्री अजय झंवर की कार्यशैली को भी मतदाताओं ने पसंद किया और उन्हें भी बड़े अंतर से चुनाव जिताया। रणजीत पैनल की ओर से कई आरोप प्रत्यारोप लगाए गए थे जिन्हें भी 16 जिलों के मतदाताओं ने सिरे से नकारते हुए टीम उमा महेश पैनल को एकतरफा जिताया। सबसे बड़ी जीत अजय झंवर की हुई। जैसे ही परिणाम घोषित हुए वैसे ही ढोल ढमाके बजे, हार फूल से अशोक इनानी और विजेताओं को फूल माला से लाद दिया। आतिशबाजी भी हुई। जीत पर प्रकाश अजमेरा ने जमकर नृत्य किया। जीत पर रविन्द्र राठी, प्रकाश अजमेरा, अजय सारडा, संजय मानधन्या, राम मूंदड़ा, देवेन्द्र इनानी, कैलाश जाजू, ओमप्रकाश सोमानी, रजत लड्ढा, महेश राठी गुड्डा, मुकेश सारडा, शैलेंद्र भैया, सपन माहेश्वरी, अभिषेक बजाज, सुधीर तोषनीवाल, चेतन बियाणी, विकास बांगड़, कमलेश गगरानी, गौरीशंकर लखोटिया, राम सोमानी, रजत लड्ढा, विजय सोमानी सहित अन्य ने बधाइयां दी है।

# सिंधी समाज की नई पीढ़ी को बताएंगे विभाजन की त्रासदी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारतीय सिन्धू सभा युवा शाखा की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष पंकज फतेहचंदानी, महामंत्री योगेश वाधवानी ने बताया कि बैठक में विभाजन की त्रासदी को लेकर चर्चा की गई। 14 अगस्त को सिंध स्मृति दिवस-विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाएगा और युवाओं को बताया जाएगा कि सिंधी समाज के बुजुर्गों ने विभाजन की त्रासदी को किस तरह सहा है। कल बैठक में मित्रता दिवस को लेकर भी एक-दूसरे को बधाई दी गई। पंकज फतेहचंदानी, योगेश वाधवानी, गिरीश ठाकुर, खुशाल मोटवानी,देव भाटिया, पीयूष आहूजा, सागर हबलानी, सागर गोरखा, जीतू पंजाबी, दीपेश पारवानी, हिमांशु मंगवानी, विक्की आर्य, निखिल बजाज, समीर खुबानी, तुषार गंगवानी, सन्नी वाधवानी सहित उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने किया पौधारोपण



इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण का आयोजन भाजपाइयों ने किया। भाजपा नेता और नानूराम कुमावत ने बताया कि विधानसभा 5 में अपनी माता के नाम एक पौधा लगाने का अभियान माधवराव सिंधिया प्रतिमा के पीछे बंगाली चौराहा पर किया गया। भाजपाई, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन के पदाधिकारी और रहवासियों ने इस पौधारोपण में शिरकत की। मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, सुमित मिश्रा, नानूराम कुमावत, राजेश उदावत, राजेश सोलंकी, प्रणव मंडल, नितेश पालीवाल, अजय कोटिया, राकेश जैन, विकास यादव, बंसीलाल पुरोहित, मुद्रा शास्त्री, होलासराय सोनी, राघवेंद्र शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



## समाजवादी पार्टी ने की बैठक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। समाजवादी पार्टी ने बैठक का आयोजन एमजी रोड कार्यालय पर किया। अगले वर्ष आने वाले नगरीय निकाय चुनाव, पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा की गई। सदस्यता अभियान चलाने के अलावा पार्टी संगठन को मजबूत करने को लेकर भी चर्चा की गई। बटेश्वरनाथ सिंह, रामबाबू अग्रवाल, राजेन्द्र यादव, रामस्वरूप मंत्री, डीएस मिश्रा, मोहम्मद अली सिद्दीकी. जीके यादव, लालू यादव, अमन यादव, मनोज हडिया रामकिशोर मौर्य, सुरेश सूरजवानी सहित अन्य मौजूद थे।

# विजयवर्गीय का पौधारोपण अभियान जारी

## कृषि महाविद्यालय में किया हजारों पौधे लगाने के अभियान का शुभारम्भ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



'एक पेड़ माँ के नाम'अभियान के तहत मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति में कृषि महाविद्यालय परिसर में 15 हजार पौधारोपण का शुभारंभ किया गया। प्राकृतिक खेती से मेडिकल का खर्चा होगा कम। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कृषि कॉलेज से मेरा पुराना संबंध रहा है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर, पार्षद राजीव जैन, लक्ष्मी-अनिल गौहर, कॉलेज के डीन डॉ. भारत सिंह सहित अन्य भी पौधारोपण अभियन में मौजूद थे।

# पूर्व विधायक ने मां कामाख्या के किए दर्शन





## मत्था टेका और प्रदेश के साथ इन्दौर की खुशहाली की कामना भी की

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने असम के प्रसिद्ध और पावन शक्तिपीठ माँ कामाख्या देवी के दरबार में पहुंचकर विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चना की और माता रानी की पालकी यात्रा में सम्मिलित होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने देश और प्रदेश के साथ इन्दौर की सुख-समृद्धि, अच्छी बारिश तथा आमजन के कल्याण की कामना की। पटेल ने मां भगवती से यह भी प्रार्थना की कि देश की सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करें ताकि देश का अन्नदाता किसान, युवा और विद्यार्थी न्याय से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि आज देश का किसान अपनी मेहनत की उपज का वाजिब हक और न्याय मांग रहा है, युवा अपने भविष्य के लिए रोजगार की गुहार लगा रहे हैं और छात्र शिक्षा व्यवस्था में सुधार व पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। छात्रों को सरकार परेशान करना बंद करे और छात्रों पर लगे मुकदमे वापस ले ऐसी कामना भी की गई।

# पूर्व सांसद आयोजन में रही मौजूद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शैलेंद्र शैली स्मृति व्याख्यानमाला के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुभाषिनी अली ने वर्तमान सामाजिक, राजनीतिक और संवैधानिक परिस्थितियों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, लेखक, पत्रकार, छात्र एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विषय समकालीन चुनौतियों और संविधान की रक्षा से जुड़ा था। अपने



संबोधन में सुभाषिनी अली ने कहा कि आज देश के सामने लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाए रखने, सामाजिक सौहार्द, समानता और संविधान में निहित मूल्यों की रक्षा सबसे बड़ी आवश्यकता है। अरुण चौहान, बाबूलाल नागर, सीएल सर्रावत सहित अन्य मौजूद थे।

# पुलिस की लाठी और दरवाजा खोलने का मुद्दा बना चर्चा में

## मंत्री विजयवर्गीय ने दिया था बयान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कल पर्यावरण का संरक्षण देने के साथ पौधारोपण की शुरूआत कराई थी। विजयवर्गीय ने यह भी कहा कि हमको पहले पुलिस की लाठियां खाना पड़ती थी। आज वही पुलिस हमारी गाड़ी का दरवाजा खोलती है। विजयवर्गीय ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने और प्रदर्शन करने का अधिकार है। हालांकि, यह अधिकार संविधान और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के दायरे में रहकर ही प्रयोग किया जाना चाहिए। विजयवर्गीय ने यह भी कहा कि दिल्ली प्रदर्शन के दौरान कई लोगों के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग



किया गया, जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमने भी अपने जीवन में कई आंदोलन किए हैं और लाठियां खाई हैं, लेकिन कभी असंवैधानिक तरीके से प्रदर्शन नहीं किया। दिल्ली में बैठे 500 लोगों ने पूरे विश्व में भारत की छवि खराब करने का काम किया। विजयवर्गीय ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति जताने का अधिकार सभी को है, लेकिन विरोध का तरीका भी संविधान और मर्यादा के अनुरूप होना चाहिए। दतिया उपचुनाव में भाजपा की जीत भी विजयवर्गीय ने बताई। उत्तर प्रदेश के एक मौलाना के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए विजयवर्गीय ने कहा कि ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान देने वालों के खिलाफ संवैधानिक कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने इमरजेंसी का भी जिक्र करते हुए कहा कि उस दौर में अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रतिबंध था, जबकि आज हर नागरिक को लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने की पूरी स्वतंत्रता है।



## हिन्दूवादियों ने दिया ज्ञापन

### *कावड़ यात्रा मार्ग पर मटन की दुकान खुले में ना रहे*

**इन्दौर।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल इंदौर महानगर द्वारा कावड़ यात्रा मे आने वाले मार्ग पर मांस मटन चिकन मछली की दुकान खुले में नहीं लगाने की मांग को लेकर तेजाजी नगर थाना, भवरकुआँ थाना में राष्ट्रीय बजरंग दल इंदौर महानगर टीम ने ज्ञापन दिया। रिक्की वर्मा, शुभम बजरंगी, शिवम् माली, नरेन्द्र सेन, पिंटू शर्मा, कैलाश, हर्ष, आदर्श, आशीष बामने मौजूद थे।

## भाजपा नेता ने की रेल चलाने की मांग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति मुंबई के पूर्व सदस्य एवं भाजपा नेता जगमोहन वर्मा ने इंदौर आर्थिक राजधानी से मिथिला झारखंड और पूर्वोत्तर भारत के लिए सीधी रेल सेवाओं के लिए केंद्रीय रेल मंत्री से आग्रह कर पुरजोर मांग की है। वर्मा ने केन्द्रीय मंत्री से वर्षो से उपेक्षित इंदौर एवं संपूर्ण मालवा अंचल से बिहार, मिथिला एवं झारखंड और पूर्वोत्तर भारत के लिए रेल संपर्क को सुधार किए जाने की मांग की है। इंदौर से पटना एक्सप्रेस का दरभंगा या जामनगर तक विस्तार अथवा इंदौर दरभंगा नई एक्सप्रेस ट्रेन चलाने, दरभंगा गोमती नगर साप्ताहिक अमृत भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस को इंदौर तक बढ़ाने तथा इंदौर- रांची नई रेल सेवा प्रारंभ करने तथा इंदौर गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन के फेरे बढ़ाने की मांग केंद्रीय रेल मंत्री से की है।






## कांवड़ यात्रा के पूर्व पूजन में मौजूद रहे विजयवर्गीय

**इंदौर। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोजसिंह ठाकुर द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में कांवड़ पूजन और यात्रा शुभारंभ में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा और बलाई महासंघ के मनोज परमार सहित अन्य मौजूद रहे।**



## मंगल मूर्ति राहवासी संघ से जुडी महिलाओं ने बनाए शिवलिंग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** मंगल मूर्ति नगर महिला मंडल ने सावन सोमवार पर शिवलिंग निर्माण कर पूजा, अराधना और आरती का आयोजन किया। ललिता श्रवण वर्मा, अनिता पाटीदार, सुधा खण्डेलवाल, माया गोर, साधना पटेल, कोमल वमा4, कुसुम मौर्य, उषा पाटीदार, ममतेश शर्मा, कीर्ति पाटीदार, पार्वती पाटीदार, तारा चौहान, मीनाक्षी शर्मा, गीता व्यास, शीला लोधी, विनिता पाटीदार आदि उपस्थित होकर पुजन पाठ भजन कीर्तन कर रही है उक्त जानकारी अध्यक्ष श्रवण वर्मा ने दी।

# पोस्टर से हो रही है जैन समाज की गरिमा खराब

### समाजहित में आनंद जैन कासलीवाल की अपील

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

दिगम्बर जैन समाज से जुडे आनंद जैन कासलीवाल ने कल जैन समाज की सोशल मीडिया ग्रुप में एक पोस्ट की जिसमें लिखा कि हाल ही में एक पोस्टर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें कुछ लोगों के नाम हटाकर अपने आप को बड़ा दिखाने और समाज को भ्रमित करने का प्रयास प्रतीत होता है। इस प्रकार की गतिविधियां समाज की एकता और गरिमा के लिए उचित नहीं हैं। यदि किसी भी सामाजिक या धार्मिक कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर जारी किया जाता है, तो यह स्पष्ट होना चाहिए कि क्या उसे संबंधित संस्था, धर्म प्रभावना समिति अथवा इंदौर जैन समाज सामाजिक संसद की अनुमति प्राप्त है। यदि ऐसा नहीं है, तो इसकी तथ्यात्मक जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध समाज को उचित आपत्ति दर्ज करानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मैं व्यक्तिगत रूप से इस प्रकार के पोस्टर का विरोध करता हूं, क्योंकि किसी के योगदान को कम करके या उसका नाम हटाकर स्वयं को बड़ा दिखाने का प्रयास समाज के हित में नहीं है। सुधासागर म.सा. ने भी दलाल बाग में प्रवचन में समाज को भ्रमित करने वाले ऐसे कृत्यों को एक प्रकार का साइबर अपराध बताया और समाज से आग्रह किया कि ऐसे विघटनकारी प्रयासों के प्रति सजग रहें तथा आवश्यक होने पर सख्त कदम उठाएं और यह भी लिखा कि आइए, हम सभी समाज की एकता, पारदर्शिता और आपसी सम्मान को सर्वोपरि रखें तथा बिना तथ्य जाने किसी भी भ्रामक सामग्री को आगे बढ़ाने से बचें। उक्त पूर्ण जानकारी आनंद जैन कासलीवाल द्वारा दी गई।

# जनप्रतिनिधियों की रही सिंधी समाजजनों के बीच मौजूदगी



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

श्री जेकब आबाद जिला पंचायत सिंधी ट्रस्ट द्वारा नवनिर्मित डिजिटल सुविधाओं से युक्त फिजियोथैरेपी केंद्र का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड़, पार्षद कंचन गिदवानी, पार्षद कमलेश कालरा द्वारा किया गया। राजा मांधवानी, विशाल गिदवानी, जयकुमार परियानी, महेश राजपाल, गोपाल परियानी, वासुदेन हरगुनानी, अमृत हिरानी, दीवान मिरचंदानी, अनिल पाहुजा, चंद्रकुमार चुग, प्रतापराय मेघानी, वासुदेव वाधवानी, गुरमुखदास लालवानी, रामचंद्र राजानी, रामश्री मोतीराम थदानी, प्रीतम सीतलानी, मनोहर पमनानी, टोपनदास करमचंदानी, दीपचंद चावला, सच्चानंद वाधवानी, लालचंद वाधवानी, कमल कस्तूरी, राकेश पंजाबी, सच्चानंद कामोर सहित अन्य मौजूद थे।



## सिंधिया ने की भारतीय टीम में चयनित खिलाड़ी जैन से बात

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** शहर के सारांश जैन का भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। आगामी श्रीलंका दौरे में सारांश मैदान में नजर आएंगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल उनसे वीडियो कॉल पर बात कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपका मैच 15 अगस्त को है, उस दिन तिरंगे के साथ एमपीसीए और डाक विभाग का झंडा भी बुलंद करना है। उल्लेखनीय है कि सिंधिया लंबे समय तक एमपीसीए के अध्यक्ष रहे है। फिलहाल उनके पुत्र एमपीसीए के अध्यक्ष है। सारांश डाक विभाग में भी कार्यरत है।

# पहले ही सोमवार पर सुबह से सावन के सेरे

## इंदौर को सावन में जोरदार बारिश की उम्मीद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**भगवान शिव की साधना आराधना के महीने सावन के पहले सोमवार को आज सुबह से ही पानी का मौसम बना हुआ है। आसमान पर बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज इंदौर में कोई जोरदार बारिश होने की संभावना नहीं है।**

सावन का मास शुरू होने के बाद आज पहला सावन सोमवार है। इस सावन सोमवार के मौके पर एक तरफ जहां शिव मंदिर में भक्तों की भीड़ है तो वहीं दूसरी तरफ बारिश का कम होना चिंता का विषय बना हुआ है।



वैसे इस समय तक इंदौर में 15 इंच बारिश हो चुकी है। अभी इंदौर को कम से कम 25 इंच पानी की और जरूरत है। अभी तक इंदौर में एक भी पानी की जोरदार झड़ी नहीं लगी है। सावन के महीने में पानी का आना निश्चित रहता है। ऐसे में सारे शहर की उम्मीद इस सावन के महीने में होने वाली बारिश से ही लगी हुई है। आज सुबह सावन के पहले सोमवार पर पानी के सेरे ने शहर को तरबतर किया।

लोगों का मानना है कि भगवान शिव की कृपा से इंदौर में जोरदार बारिश होगी और पानी की कमी की स्थिति दूर हो जाएगी।

### 1 मिमी बारिश भी नहीं हुई

पिछले 24 घंटे में इंदौर में एक मिलीमीटर बारिश भी नहीं हुई है। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि के दौरान 0.8 मिलीमीटर बारिश होना दर्ज किया गया है। पिछले 24 घंटे में फुरफुरी के रूप में मामूली पानी गिरता रहा। वैसे यह पानी वाटर रिचार्जिंग के हिसाब से बहुत अच्छा माना जाता है। जब इस तरह से फुरफुरी के रूप में पानी गिरता है तो वह पानी सीधा जमीन के अंदर जाता है। इससे जहां धरती की प्यास मिटती है तो वहीं गर्मी के तेवर भी कमजोर होते हैं।

# बाजार में शिविर लगाकर निगम ने बनाए 3000 लाइसेंस

## अब बिना लाइसेंस की दुकानों को सील करने का अभियान चलेगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा विभिन्न बाजारों में शिविर लगाकर 3000 व्यापारियों के लाइसेंस बनाए गए हैं। अब बिना लाइसेंस के कारोबार करने वालों की दुकान को सील करने का अभियान शुरू किया जाएगा।**

नगर निगम के राजस्व विभाग के द्वारा जब विभिन्न बाजारों में लाइसेंस के शिविर लगाए गए तब उसे शिविर के आयोजन की सूचना बाजार के व्यापारियों को अनाउंसमेंट के माध्यम से दी गई थी। उस समय पर अनाउंसमेंट में कहा गया था कि पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण करवाना हो या फिर नया लाइसेंस बनवाना हो तो दोनों काम इस शिविर में आकर करवाए जा सकते हैं। निगम के द्वारा बहुत प्रचार प्रसार करने के साथ इस शिविर का आयोजन किया गया। निगम के राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन शिविर के माध्यम से 3000 व्यापारियों के द्वारा अपनी दुकान के लाइसेंस बनवाने का काम किया गया। इसमें से कुछ व्यापारियों के द्वारा नए लाइसेंस बनवाए गए जबकि बड़ी संख्या में व्यापारियों के द्वारा अपने पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण करवाया गया।

अब जब निगम के द्वारा अधिकांश प्रमुख बाजार में शिविर लगाने का काम पूरा किया जा चुका है तब निगम का राजस्व विभाग दुकानों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करते हुए दुकानों को सील करने का अभियान शुरू करने की तैयारी में है। विभाग की ओर से अब पुराने रिकॉर्ड को देखते हुए यह भी जानकारी निकाली जा रही है कि ऐसे कौन से व्यापारी है जिनके द्वारा पिछले सालों में लाइसेंस बनवाया गया लेकिन इस साल अपने लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करवाया गया। ऐसे व्यापारियों के नाम पर नोटिस जारी कर उन्हें लाइसेंस का नवीनीकरण करवाने के लिए तीन दिन का समय देते हुए चेतावनी दी जाएगी।

इसके साथ ही नगर निगम की टीम के द्वारा बाजार में निकलकर दुकान दुकान पर जाकर लाइसेंस चेक करने का अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में जिस दुकान में उन्हें लाइसेंस नहीं मिलेगा उस दुकान को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के लिए नगर निगम की टीम ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी सप्ताह में इस कार्रवाई को शुरू करने की योजना बनाई जा रही है।



# श्री मानभद्र भक्त मंडल के आयोजन में जैन समाजजन रहे मौजूद

**इंदौर, ( सिटी ब्लास्ट )।** श्री मानभद्र भक्त मंडल द्वारा दो दिवसीय आयोजन दो दिनों तक किया गया। भगवान का विशेष शृंगार किया गया। भक्तामर पाठ का सामूहिक गायन किया गया। स्वर्ण दीपों से महाआरती की गई। स्वामी वात्सल्य का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे। अमित सतीश जैन, मनीष सुराणा ने लाभ लिया। देवेश जैन ने भजनों की प्रस्तुति दी। विजय जैन, हेमंत गांधी, रविंद्र दोषी, विजय पाटनी, मुकेश पतंगिया, हेमंत दोषी कमल गोधा, कमल सेठी ने अपनी भूमिका निभाई।

# स्कूलों को बनवाना होंगे विद्यार्थियों के लायसेंस

## लोक शिक्षण संचालनालय ने भेजे निर्देश

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** शिक्षा विभाग के लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारी और संकुल के माध्यम से सभी प्राचार्यो को जानकारी भेजी है कि वे अपने अधीनस्थ आने वाले विद्यालयों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों के ड्रायविंग लायसेंस बनवाने की प्रक्रिया करवाएं। यह निर्देश सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पात्र विद्यार्थियों के लायसेंस बनवाने के लिए अब स्कूल प्राचार्य को पात्र विद्यार्थियों की पहचान करना होगी, जिनका लायसेंस बन सके विद्यार्थियों और पालक से दस्तावेज प्राप्त करवाए और परिवहन कार्यालय से समन्वय स्थापित कर विशेष शिविर लायसेंस के लिए लगवाए। इसके लिए दस्तावेज मारधी परिवहन पोर्टल पर आवेदन कराएँ जाए। लायसेंस बनने के बाद विद्यार्थियों को यातायात सम्बंधित जानकारी दी जाए और जागरुक भी किया जाए। स्कूलों के उन्हीं छात्रों को वाहन चलाने दिए जाए जिनके पास लायसेंस है। इसके लिए विभाग ने हर माह की 5 तारीख तक विद्यार्थियों सम्बंधित रिपोर्ट भी मांगी है।

# किशोर कुमार पर दी प्रस्तुतियां

**इन्दौर।** वीणा म्यूजिकल ग्रुप, स्टार फेन क्लब द्वारा किशोर कुमार के जन्मदिवस पर संगीतमय आयोजन 'सलामत रहे दोस्ताना हमारा..' का आयोजन संतोष सभागृह किया गया। हेमंत अग्रवाल, राजेश शर्मा, नासिर खान, प्रकाश गुप्ता, जयमाला लाड, सपना जोशी ने प्रस्तुतियां दी। राजेश मिश्रा, सतीश पांडे, प्रकाश गुप्ता, रामदयाल फरक्या, रामदास गोयल, जगदीश धनोतिया, मनोहर सिंह चौहान, ओमप्रकाश गर्ग, प्रकाश एरन मौजूद थे।

# एमआर-12 के जल्द हटेंगे बाधक निर्माण

## आईडीए के 100 प्लॉट शासन को देने का निर्णय वापस, क्या अब मिलेगी पुनर्वास प्रक्रिया को रफ्तार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच इंदौर की सबसे महत्वपूर्ण सड़क परियोजना एमआर-12 को लेकर हाल ही में आईडीए की बैठक में एक बड़ा प्रशासनिक निर्णय सामने आया है। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने करीब 20 करोड़ रुपये मूल्य के 100 प्लॉट शासन को देने का अपना पूर्व निर्णय वापस ले लिया है। साथ ही अब इन प्लॉटों का उपयोग प्राधिकरण अपनी विकास योजनाओं और आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए करेगा। वहीं बड़ी बात यह है कि आईडीए के इस फैसले को केवल प्लॉटों का निर्णय मानकर नहीं देखा जा रहा, बल्कि इसे सिंहस्थ की महत्वपूर्ण योजनाओं एमआर-12 ओर एमआर-11 और अन्य महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



**क्या अब तेज होगी एमआर-12 निर्माण कार्य की राह?–** गौरतलब है कि एमआर-12 परियोजना लंबे समय से भूमि संबंधी बाधाओं, पुनर्वास और तकनीकी प्रक्रियाओं के कारण चर्चा में रही है। दरसअल पहले प्राधिकरण द्वारा बाधक परिवारों के सर्वे, रेलवे फ्लाईओवर के नए डिजाइन और कान्ह नदी पर पुल निर्माण जैसी प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाया जा चुका है। साथ ही अब 100 प्लॉट अपने पास रखने के निर्णय से यह संभावना मजबूत हुई है कि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और परियोजना प्रबंधन के लिए आईडीए के पास अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे, जिससे परियोजना की गति बढ़ सकती है।

**इधर,जनता की भी उम्मीदें बढ़ीं–** इंदौर शहर के लोगों का कहना है कि एमआर-12 केवल एक सड़क नहीं, बल्कि सिंहस्थ 2028 की लाइफलाइन है। यदि यह समय पर पूरी होती है तो लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम होगी और शहर में ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा।

### उठ रहे लोगों के सवाल

850 बाधक परिवारों का सर्वे कब होगा पूरा?

पुनर्वास की प्रक्रिया कब शुरू होगी?

रेलवे फ्लाईओवर का टेंडर कब जारी होगा?

कान्ह नदी पुल और मुख्य सड़क का निर्माण किस समय-सीमा में पूरा होगा?

क्या दिसंबर 2027 तक एमआर-12 पूरी तरह तैयार हो जाएगी?

### पारदर्शिता की उठ रही मांग

शहर के लोगों का मानना है कि इतनी महत्वपूर्ण परियोजना पर हर महीने सार्वजनिक प्रगति रिपोर्ट जारी की जानी चाहिए, ताकि लोगों को पता चलता रहे कि कार्य किस चरण में है और लक्ष्य के अनुसार प्रगति हो रही है या नहीं। वहीं बड़ी बात यह है कि एमआर-12 केवल इंदौर की सड़क परियोजना नहीं, बल्कि सिंहस्थ 2028 की सफलता से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आधारभूत ढांचा है। वहीं इस योजना में हाल के निर्णय सकारात्मक संकेत देते हैं, लेकिन अब सबसे महत्वपूर्ण बात यह होगी कि प्रशासनिक निर्णय ज़मीन पर कितनी तेजी से दिखाई देते हैं। जनता की अपेक्षा है कि पुनर्वास, निर्माण और सभी तकनीकी प्रक्रियाएं समयबद्ध तरीके से पूरी हों, ताकि सिंहस्थ से पहले यह बहुप्रतीक्षित परियोजना वास्तव में साकार हो सके

# आज सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पवित्र सावन माह का पहला सोमवार आज आया है और सुबह से ही श्रद्धालु आज शिवालयों में पहुंचकर आस्था की दरकार जलाभिषेक के रूप में दिखा रहे हैं। हर शिव मंदिरों में भक्तों की कतार और भीड़ दिखाई दे रही है। भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के अलावा गजानन्दजी और शिव परिवार के नन्दी का भी अभिषेक हो रहा है। भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर दूध-पानी का जल अर्पण कर अभिषेक किया जा रहा है। वहीं भगवान के प्रिय बिल्व पत्र और धतूरे भी अर्पण किए जा रहे हैं, ॐ नमः शिवाय के जाप हो रहे है, भगवान भोलेनाथ के



जयकारे भी लग रहे हैं। आज कई मंदिरों को भी श्रृंगारित किया गया है। कई जगह आज सुबह से खिचड़ी प्रसादी और ठंडाई का वितरण भी हो रहा है। शाम को मंदिरों में भगवान के भजन कीर्तन भी होंगे। कुछ महिला मंडल ने दोपहर में भी शिवालयों में भजन रखे हैं। कुछ



मंदिरों में आज बर्फ के शिवलिंग का निर्माण भी किया गया है। शाम को मंदिरों में रोशनी और भगवान के श्रृंगार दर्शन के आयोजन भी है। देवगुराड़िया पर तो आज सुबह से बड़ी कतार है, वहीं पश्चिमी क्षेत्र के भूतेश्वर महादेव, विश्वेश्वर महादेव श्रीराम मंदिर पंचकुइया, गांधी हॉल शिव मंदिर, अन्नपूर्णा शिव मंदिर, गेंदेश्वर महादेव परदेशीपुरा, अर्धनारीश्वर मंदिर डीआरपी लाईन, सहित अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ कतार के रूप में दिख रही है।

# निगम परिषद के 4 साल पूरे होने की बेला

## महापौर बताएंगे अपनी उपलब्धि तो कांग्रेस बताएगी नाकामी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**नगर निगम की वर्तमान परिषद के कार्यकाल के 4 साल पूरे होने की बेला करीब आ गई है। ऐसी स्थिति में अब महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा अपनी उपलब्धि बताई जाएगी तो कांग्रेस के द्वारा उनकी नाकामी को गिनाया जाएगा।**

नगर निगम की परिषद का कार्यकाल 5 साल का है। इसमें से 4 साल का वक्त अब पूरा होने जा रहा है। इसके साथ ही इस परिषद के कार्यकाल के समाप्त होने की अलार्म बेल बज गई है। अब अंतिम 1 साल कार्यकाल का शेष बचा हुआ है। इसमें भी नगर निगम के चुनाव के लिए 6 महीने पहले आचार संहिता लागू कर दी जाएगी। ऐसी स्थिति में नगर निगम की इस परिषद के पास काम करने के लिए अगले 4 महीने का ही समय शेष है।

निगम की इस परिषद के कार्यकाल के चार साल पूरे होने के मौके पर निगम के दोनों पक्षों की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा अपने कार्यकाल के 4 साल होने के मौके पर इंदौर शहर में उनके द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान कराए गए विकास कार्य का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा जाएगा। इसमें उनके द्वारा बताया जाएगा कि किस तरह से पिछले 4 साल में इंदौर को विकास की राह पर तेज गति से आगे बढ़ाया गया है। इसके लिए महापौर के द्वारा सभी पार्षदों से उनके वार्ड में किए गए प्रमुख कार्यों की जानकारी मंगवा ली गई है। इसके साथ ही नगर निगम के विभिन्न विभागों के द्वारा भी उस विभाग के अंतर्गत किए गए बड़े और प्रमुख कार्यों की सूची तैयार करने का काम शुरू हो गया है।

कांग्रेस की ओर से नगर निगम पर हमला करने की कमान इंदौर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे और नगर निगम में हाल ही में नेता प्रतिपक्ष बनाई गई सोनिला मिमरोट के हाथ में रहेगी। इन दोनों के द्वारा पिछले 4 साल में नगर निगम की अनदेखी से शहर में बने बद्तर हालत की जानकारी को सार्वजनिक किया जाएगा। इसके साथ ही नगर निगम की इस परिषद के कार्यकाल में हुए घोटाले के मामलों को भी सामने रखते हुए महापौर की घेराबंदी की जाएगी। 4 साल पूरे होने का यह मौका भाजपा के लिए उपलब्धि का ढोल पीटने का और कांग्रेस के लिए नाकामी का हल्ला मचाने का होगा। कांग्रेस की ओर से भी 4 साल पूरे होने के मौके पर जारी किए जाने वाले रिपोर्ट कार्ड तैयारी शुरू कर दी गई है। हर साल जब नगर निगम की परिषद के कार्यकाल का 1 साल पूरा होता है तो कांग्रेस आरोपों की झड़ी लगा देती है।

## सड़क के गड्ढों से शहर परेशान

इस समय इंदौर शहर सड़क पर मौजूद गड्ढों के कारण परेशान है। बारिश का मौसम शुरू होने से पहले नगर निगम के द्वारा जिस तरह से सड़कों के पैच वर्क का काम किया जाता है। वह काम पिछले साल की तरह इस साल भी नहीं किया गया है। इसका परिणाम है कि जब थोड़ी सी बारिश हो जाती है तो सड़क पर पानी भर जाता है। ऐसे में वाहन चालक को मालूम ही नहीं पढ़ पाता है कि पानी के नीचे सड़क है या गड्ढा है। इस स्थिति के कारण शहर के नागरिक बहुत ज्यादा परेशान है। इस परेशानी का कोई समाधान नगर निगम नहीं निकाल सका है।

# फायर एनओसी छिपाई तो होगी कार्रवाई निगम ने जारी किया सार्वजनिक नोटिस

## मॉल, अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट और कोचिंग संस्थानों के लिए नगर निगम का बड़ा फैसला, आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** आगजनी की घटनाओं से आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम की बिल्डिंग परमिशन शाखा ने शहर के शॉपिंग मॉल, अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट, कोचिंग संस्थान और अन्य बड़े व्यावसायिक एवं सार्वजनिक भवनों के संचालकों के लिए नया निर्देश जारी किया है। निगम ने सार्वजनिक नोटिस जारी करते हुए सभी भवन मालिकों को अपने मुख्य प्रवेश द्वार पर फायर एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) और फायर ऑडिट रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं।

**सार्वजनिक नोटिस इसलिए जारी-** नगर निगम का कहना है कि यह नोटिस सार्वजनिक रूप से जारी किया गया है ताकि भविष्य में कोई भी भवन संचालक यह बहाना न बना सके कि उसे सूचना नहीं मिली। फायर एनओसी और ऑडिट रिपोर्ट ऐसी जगह लगानी होगी, जहां वह आम लोगों को स्पष्ट रूप से दिखाई दे।

**इन भवनों पर लागू होगा आदेश-** यह आदेश उन सभी शॉपिंग मॉल, अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट, कोचिंग संस्थानों तथा अन्य बड़े व्यावसायिक एवं सार्वजनिक भवनों पर लागू होगा, जिन्होंने निगम के फायर विभाग से फायर एनओसी प्राप्त की है या अधिकृत फायर इंजीनियरों से फायर ऑडिट कराकर रिपोर्ट तैयार कराई है।

**राष्ट्रीय भवन संहिता के पालन पर जोर-** बिल्डिंग परमिशन शाखा के अपर आयुक्त प्रखर सिंह के निर्देश पर जारी इस आदेश का उद्देश्य राष्ट्रीय भवन संहिता और प्रचलित अग्नि सुरक्षा प्रावधानों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना है। इससे आम लोगों को यह जानकारी मिल सकेगी कि संबंधित भवन में आवश्यक अग्निशमन उपकरण और सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं तथा पूरी तरह क्रियाशील हैं।

**निगम करेगा नियमित निरीक्षण-** नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि समय-समय पर भवनों का निरीक्षण किया जाएगा। यदि किसी भवन के मुख्य गेट पर फायर एनओसी और ऑडिट रिपोर्ट प्रदर्शित नहीं मिली या अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हुआ तो संबंधित संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अग्नि सुरक्षा में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त-** निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने फायर विभाग, बिल्डिंग परमिशन शाखा और सभी जोनल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अग्नि सुरक्षा के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बिना फायर सेफ्टी व्यवस्था वाले भवनों के बाहर 'प्रवेश न करें' संबंधी चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि लोगों को संभावित खतरे से पहले ही आगाह किया जा सके। साथ ही जिन भवनों में अब तक आवश्यक अग्निशमन उपकरण नहीं लगाए गए हैं, उनके संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं।





## युवाओं पर हुई चर्चा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा जाल सभागृह में युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य कारण एवं उपचार' विषय पर चर्चा आयोजित की गई। विशेषज्ञों ने कहा कि युवाओं की भावनाओं को समझना हम सब सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। माता-पिता, शिक्षक, समाज तथा शासन सभी तरफ़ से युवाओं की अपेक्षा अनुसार ध्यान नहीं दे पाने के कारण युवा मानसिक तनाव में आकर, उत्तेजित होकर ,अनुचित कदम उठा रहे हैं, हम सभी मिलकर युवाओं की भावनाओं को समझें ओर उनकी और बहुत ध्यान देने की बेहद जरूरत है। डॉ. निशा दुबे, डॉ. रामगुलाम राजदान, सीबी सिंह, मनस्वी मोहंती, कंचन तारे, रामेश्वर गुप्ता , डॉ मुकेश चौहान, श्याम सुंदर यादव, डॉ एस एल गर्ग, ड़ॉ. ओपी जोशी, दिलीप वाघेला, रंजना नाईक ,नेहा जैन ,प्रो असद खान, प्रणिता दीक्षित ने उदबोधन दिया। डॉ रमा चौहान, रेहाना खान, नजमा खान, सौम्या पंडित, श्याम पांडे, शफ़ी मोहम्मद शेख आदि भी उपस्थित थे। डॉ मुकेश चौहान को पीएचडी उपाधि प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया।

# अग्रवाल और वैश्य समाजजनों ने किया नाग बांबी का पूजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि पर अग्रवाल समाज सहित वैश्य समाजों की महिलाओं ने नागदेवता का बांबी पूजन किया। आज छोटी नागपंचमी पर अग्रवाल समाजजनों ने कल भोजन तैयार किया था और आज ठंडे भोजन का भोग भी नाग बांबी को लगाया गया। मातृशक्तियों ने आज परिवार की खुशहाली की कामना भी नागदेवता से की।





आज छत्रीबाग स्थित माहेश्वरी स्कूल में प्राचीन नाग बांबी पर सुबह से मातृशक्तियों द्वारा पूजन जारी है।



## मित्रता दिवस पर मिले दोस्त

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।**लालबाग मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप ने फ्रेंडशिप डे परिवारजनों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया। एकदूसरे को गुलाब के फूल भेंट किए। उक्त जानकारी दिलीप खंडेलवाल ने दी।

## पौधारोपण में लगे परशुरामजी के जयकारे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री परशुराम सेना ने पौधारोपण का आयोजन किया। उसके पहले भगवान परशुरामजी के जयकारे भी लगे। अनूप शुक्ला, बंसीलाल पुरोहित, प्रेम बागौरा, मीनु शर्मा, दीपक शर्मा, विजेंद्र दीक्षित, मोनेश जोशी, धीरज मैथिल, उमाशंकर चतुर्वेदी, भूपेंद्र तिवारी, हरिहर त्रिपाठी, संतोष तिवारी, मनीष शर्मा, प्रमोद पाराशर, विश्वास द्विवेदी सहित अन्य मौजूद थे।





## कलश स्थापना में मौजूद रहे जैन समाजजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** नेमीनगर जैन कॉलोनी में आचार्य सुनील सागर मसा और संघ के चातुर्मास के पहले कलश स्थापना जैन समाजजनों की मौजूदगी में की गई। मंच पर 60 पिच्छीधारी मुनिराजों की मौजूदगी भी धार्मिक आनंद दे रही थी। कमल रांवका, इंद्रकुमार सेठी, गिरीश पाटोदी, कैलाश लोहाडिया, संजय पाटोदी, कमलेश कासलीवाल, आरके जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## संस्था जीवन प्रवाह ने किया पौधारोपण



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** लगातार 17 वर्षो से पर्यावरण को लेकर चिंतन कर रही संस्था जीवन प्रवाह ने कल रविवार को श्री बियाबानी स्थित त्रिशला अपार्टमेंट परिसर में विकसित पौधों का रहवासियों संग ससंकल्प रोपण किया। बच्चों से लेकर युवा, महिलाएं और बुजुर्ग भी मौजूद रहे। संस्था सचिव प्रकाश सोनी, अध्यक्ष राजेश स्वर्णकार, दिनेश जैन, श्री काकाणी, श्री तापड़िया, श्री पोरवाल, किशन महाराज, बृजेन्द्र नीमा, विश्वास गुप्ता ,कुशाग्र सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

## खटीक समाजजनों ने किया कॉपियों का वितरण

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** श्री 360 गौत्रिय खटीक समाज ने समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा में लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 15 हजार लांग कॉपियों का वितरण किया और मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन के लिए चेक और प्रमाण पत्र भी दिए गए। वहीं समाज के मेधावी खिलाड़ियों को भी पदक और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। मूलचंद राजौरे, प्रेमदेवी राजौरे, जयेशकुमार राजौरे की स्मृति में यह कार्य सुरेश राजौरे ने अलग-अलग स्थानों पर करवाया और कॉपियां वितरण भी किया। डॉ. एलएन घनघोरिया, सुनीता घनघोरिया, डॉ. शुभ घनघोरिया, ओमप्रकाश राजौरे राजा, रामेश्वर भत्कारिया, अमरसिंह भिलवारे, कैलाश भिलवारे, कैलाश भिलवारे, रमेश चौहान,



राजू चौहान, नरेंद्र शेजवार, भैय्यू विरहे, दिलिप विरहे, ओम बागड़ी, उमेश भिलवारे, भगत बछेरिया, नवीन भिलवारे, भगतसिंह बछेरिया, नवीन भिलंवारे, राज वर्मा, कमल गड़वंशी, मुकेश पचौरी, पवन केथोरिया, विनोद गड़वंशी, हरीश रत्नाव रत्नाकर, युवरा युवराज रत्नाकर, आनंद राजोरे, महेश कमल राजोरे, सुजय चौहान, राजा राजा किरार, दिनेश भिलवारे, राजू, किशोर, अतुल ठगेले, संजीव चौहान, महेश राजोरे, रणजीत राजोरे, संदीप बछेरिया, आकाश बछैरिया, सुयश राजोरे, शैलेन्द्र नागर, महेश बागोरा सेवा कार्य में मौजूद थे।

## त्रिवेदी का सम्मान

**इंदौर।** आदि गौड़ बावीसा ब्राह्मणसमाजनों ने समाज के केंद्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र त्रिवेदी का सम्मान किया। पवन दुबे, अनुराग पुराणिक, सुधीर दुबे मौजूद रहे।



## गुप्त की जयंती मनाई



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मैथिलीशरण गुप्त स्मारक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर द्वारा कवि मैथिली शरण गुप्त की जन्म जयंती मनाई गई। भारत नीखरा, राजेश सुहाने, ओमप्रकाश नीखरा, जगदीश छिरोलिया, प्रवीण नीखरा, रामबिहारी कनकने, महेश डेंगरे, राजेश दादे, अजय सेठ, प्रदीप नौगरिया, बालमुकुंद कुरेले, सुनील कनकने, उमेश पंसारी, शिशिर कनकने, दीपक नोगरिया, महेंद्र खंताल, कैलाश चंद्र छिरोलिया मौजूद थे।

## जमीयत उलेमा-ए-हिंद का जलसा



**इंदौर।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने कल धार रोड स्थित गार्डन पर समाज के युवा सरफराज अंसारी, मो. जुहेर पगनानी, शादाब पटेल के नेतृत्व में जलसा का आयोजन किया। आयोजन में बुजुर्ग और उलेमा और नवनियुक्त सदर मौलाना नौशाद, सादिक की मौजूदगी रही। इस्तकबाल भी किया गया। प्रो. हलीम, सलीम अंसारी, शफी, डॉ. सगीर अहमद, अशफ़ाकुर्रहमान साहब, मुफ़्ती जकाउल्लाह शिबली, पार्षद पति रफीक खान, मुनीर अतिथि थे। मौलाना सादिक, सलीम अंसारी, इमामुद्दीन तिगाला, इकबाल कांचवाला, जाहिद बेग, शकील, रिजवान, मिर्जा जाहिद बेग सहित अन्य मौजूद थे। आयोजन करने वाले शादाब पटेल का इस्तकबाल भी किया गया।




# सम्मान समारोह में शामिल हुए नेता और पुलिस अधिकारी

**इंदौर( सिटी ब्लास्ट )।** मध्यक्षेत्र के व्यापारिक क्षेत्रों में ट्रैफिक संभालने वाले उपनिरीक्षक संत बहादुर सिंह शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। कल क्षेत्रीय व्यापारियों ने उनके सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह एवं भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम में एकलव्यसिंह गौड़, रामबाबू राठौर,एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार कोल, डीसीपी सुप्रिया चौधरी,अमिता सिंह भी शामिल हुए और संत बहादुर सिंह को बधाई दी। इस अवसर पर पप्पू सिकची, संजय वर्मा,लालू जैन,बसंत सोनी, अविनाश शास्त्री, गुड्डी नीमा, विपिन कोठडीवाल, राजू शर्मा, नितिन नीमा, अनिल जांबाज़, पारस पालरेचा, प्रमोद वैष्णव, राकेश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# शिव मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



महूनाका स्थित श्री जगतेश्वर महादेव मंदिर में तीन दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आज तीसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान किया जा रहा है। दो दिनों से हुए आयोजन में बडी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में कई विधा कराई। कल अन्नाधिवास, मंडल पूजन, यज्ञ कर्म, स्नापन विधि, नगर भ्रमण, कलश यात्रा एवं शय्याधिवास सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। अशोक जायसवाल, मनोज काटे, प्रदीप काटे, अर्पण काटे, अमय काटे, रघुवीर पटेल, राजेश नीकम, मनीष चोराट,हेमंतराव मुरमकर, विक्की जावकर, गणेश तांबे सहित अन्य मौजूद थे।



# 320 मरीजों को मिला लाभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोईथराम नेत्रालय जिला सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान मे एकेडमी स्कूल ऋषि नगर कुशवाहा नगर के समीप हुए नेत्र शिविर में 320 मरीजों ने लाभ लिया। 28 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे। जरूरतमंद को 120 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए। बापना परिवार लाभार्थी रहा। डॉ. आर एन मिश्रा, भंवरलाल कासवा, सुभाष गोखरु ,डॉ. जितेन्द्र पारख, किरण संचेती, अरविन्द चौधरी, महेश डकोलिया, पारस कटारिया, चन्द्र कुमार फ़तेपुरिया, रमेश शर्मा, रोशन सिंह चौहान, नितेश झा का सहयोग रहा।

# मार्निंग ग्रुप ने किया पौधारोपण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्कीम नंबर 140 स्थित आनंदवन-2 मॉर्निंग वॉक ग्रुप द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 10 से 12 फीट ऊंचाई वाले नीम, पीपल एवं बरगद के पौधे लगाए गए। समीर खंडेलवाल, डॉ. आनंद सिंह, विनोद खंडेलवाल, संदीप भार्गव, डॉ. सुभाषचंद्र तिवारी, डॉ. आर. एस. तोमर एवं के. के. अरोरा मौजूद रहे।



# क़ल रविवार को संत के प्रवचन में रही भीड़



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मीडिया प्रभारी राहुल सेठी ने बताया कि दलाल बाग़ के विद्या-सुधा सत्संग मंडप में चातुर्मास की महती धर्म सभा कल रविवार के दिन राष्ट्रसंत मुनि पुंगव प.पू. श्री सुधासागर म.सा. ने प्रवचन में सम्बोधित किया। बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे। संत ने सभी समाजजनों को चातुर्मास तक सभी घरों में शुद्ध भोजन बनाने का संकल्प दिलाया और कहा कि रात्रि भोजन, आलू, प्याज और गुटका आदि व्यसनों का सेवन सही नहीं है। मनीष - सपना गोधा, नवीन - शिवानी गोधा, आनंद-अंतिका गोधा, हर्ष जैन, अशोक रानी डोसी और आकाश जैन मौजूद थे।



## कपलेश्वर महादेव के लगे जयकारे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कपलेश्वर महादेव मंदिर , काटजू कॉलोनी में आज सावन के पहले सोमवार में बाबा महादेव के जयकारों के साथ गन्ने के रस से अभिषेक किया गया। महाआरती भी हुई। सत्री शर्मा ने बताया कि आज शाम बाबा के विशेष दर्शन होंगे। महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण भी होगा। मंदिर का श्रंगार भी किया गया है।

# संस्कार शिविर पाठशाला में 700 बच्चों ने लिया लाभ





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नरसिंह वाटिका बिजासन रोड में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. के सान्निध्य में रविवार को 'कुमुद संस्कार पाठशाला' का आयोजन किया गया। इस विशेष संस्कार शिविर में लगभग 700 बच्चों ने भाग लेकर धर्म, संस्कार और नैतिक जीवन से जुड़ी अनेक प्रेरणादायी शिक्षाएं प्राप्त कीं। शिविर का संचालन साध्वी राजकीर्ती म.सा. ने प्रभावशाली एवं रोचक शैली में किया। उन्होंने बच्चों को जैन धर्म के मूल सिद्धांत, सदाचार, अनुशासन, करुणा, अहिंसा, गुरु-भक्ति एवं संस्कारों का महत्व सरल एवं मनोरंजक माध्यमों से समझाया। डॉ. स्वप्निल कोठारी, प्रकाश भटेवरा, महावीर जैन, सुशीला पोरवाल, रमेश भण्डारी, महेन्द्र जैन, प्रतीक अंतिम जैन, निहित रूपल जैन, दिव्या जैन, अगस्त्य जैन एवं अलीशा जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## बाइक कावड़ यात्रा' निकली

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर से बोलबम नवलखा छावनी युवा ग्रुप द्वारा एक दिवसीय बाइक कावड़ यात्रा निकाली गई। कल रविवार को यह यात्रा बाइक से अग्रसेन चौराहा मनकामेश्वर कांटा फोड़ शिव मंदिर से शुरू हुई जो खेडीघाट पहुंची। बाबा महाकाल का जलाभिषेक



किया और सभी बाइक यात्री वापस इन्दौर देर रात तक आए। यात्रा से संतोष गुप्ता, कपिल अग्रवाल, मोहित पारीक प्रथम जोशी, राजेंद्र शर्मा, आशीष साहू, भावेश अग्रवाल, नरेंद्र शर्मा, कपिल सिंगल, प्रहलाद गेंदर, पंकज पुरोहित, दिलीप पाटनी, राजेश वर्मा, मनीष शर्मा, टिंकेश अग्रवाल, महेंद्र यादव, आनंद मंसुरिया जुड़े हुए थे।

# पीलिया को नजरअंदाज करना पड़ सकता है भारी



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गेस्ट्रो अपडेट एवं आईएसजी की वार्षिक बैठक के दूसरे दिन पीलिया और लीवर ट्रांसप्लांट पर चर्चा की गई। चिकित्सकों ने कहा पीलिया को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। समय पर जांच और इलाज बड़ा बचाव है। यह भी कहा कि लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत वाले मरीजों की तुलना में डोनर्स बेहद कम, अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया गया। संतुलित आहार लेने, नियमित व्यायाम करने, पर्याप्त पानी पीने,स्वच्छ भोजन करने की सलाह भी विशेषज्ञों ने दी। बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान और देर से जांच कराना आज पेट एवं लिवर संबंधी बीमारियों के प्रमुख कारण हैं। समय पर जांच, स्वस्थ जीवनशैली और आधुनिक उपचार पद्धतियों के माध्यम से अधिकांश गंभीर बीमारियों का सफल उपचार संभव है। डॉ. हरि प्रसाद यादव, डॉ. अजय जैन, डॉ. शैलेन्द्र जैन, डॉ. अरुण एस. भदौरिया, डॉ. अतुल शेंडे,डॉ. सोहिनी सरकार ने बीमारियों पर जानकारियां दीं।

# इंदौर-ओंकारेश्वर मार्ग पर सावन और सिंहस्थ की तैयारी तेज



## 15 किमी हिस्से में दोनों तरफ सुरक्षा जालियों का काम पूरा, रोशनी के लिए 100 से ज्यादा पोल पर लगाई नई लाइटिंग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** इंदौर-ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के प्रमुख मार्ग बायपास तेजाजी नगर पार्ट 2 से सिमरोल रोड़ पर करीब 15 किमी लंबे हिस्से में नेशनल हाईवे अर्थाटी द्वारा सुरक्षा जालियां लगाने का काम तेज कर दिया है। जिसके अंतर्गत अब तक लगभग 15 किमी लंबे हिस्से में दोनों तरफ जहां जरूरी है वहां जालियां लगाने का काम 80 फीसदी के आसपास पूरा हो गया है। वहीं दूसरी तरफ इसी माह के अंत में शुरू होने वाले सावन मास और सिंहस्थ को लेकर भी तैयारियां तेज हो गई है। जिसके तहत आने वाले सावन मास और साल 2028 के सिंहस्थ में आने वाले हजारों -लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षा जालियों के साथ रोशनी के लिए पहली बार लाइटिंग लगाने का काम भी तेजी के साथ हो रहा है।

जिसके तहत इंदौर-ओंकारेश्वर मार्ग पर सिमरोल रोड तक लगभग 100 से ज्यादा पोल पर नई एलईडी लाइटिंग लगाने का काम पूरा हो चुका है। साथ ही बाकी शेष बचे हिस्से में भी वर्तमान मे तेजी के साथ काम चल रहा है। कहा जा रहा है कि अगले माह 15 अगस्त तक इस मार्ग के पांचों बड़े पुल पर भी रोशनी के लिए लाइटिंग लगाने का काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। यही नहीं क्रॉसिंग और सर्विस रोड पर भी जहां ज़रूरत है वहां रोशनी के लिए पर्याप्त नई लाइटिंग लगाई जा रही है।

**अगले माह शहरी क्षेत्र का बड़ा हिस्सा जगमगाएगा 200 से ज्यादा एलईडी से-** वही खास बात यह है कि अगले माह सावन मास शुरू होने के साथ ही एन एच आई द्वारा तेजी के साथ लगवाई जारी तेज रोशनी वाली 200 से ज्यादा नई एलईडी लाइटिंग हर हाल में चालू करवाने की पूरी तैयारी है ताकि सावन मास में बाबा ओंकारेश्वर के दर्शन करने जाने वाले हजारों-लाखों श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों को भी इसका बड़ा फायदा मिलेगा। जबकि अभी तेजाजी नगर पार्ट 2 के शहरी क्षेत्र में अंधेरा फैला रहता है। जिसके कारण हर साल बारिश के मौसम में यहां दुर्घटना और हादसे होने का खतरा और अंदेशा बना रहता है। वहीं अब इस साल बड़े हिस्से में लाइटिंग और सुरक्षा जालियां लगने से श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिलेगा। जिसको लेकर वर्तमान में इन दिनों तेजी के साथ काम चल रहा है। एक तरफ सुरक्षा जालियां लगाने का काम 80 फीसदी से ज्यादा पूरा हो गया है। वहीं दूसरी तरफ ढाई सौ में से करीब 100 नए पोल पर लाइटिंग लगाने का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। वहीं इंदौर से सिमरोल मार्ग तक पांच बड़े पुल पर भी रोशनी करने के लिए काम तेजी के साथ चल रहा है।

# इन्दौर-देवास बायपास के 20 किमी लंबे हिस्से में 5 साल पहले लगी थी सैकड़ों एलईडी लाइटिंग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** इंदौर-देवास बायपास के शहरी क्षेत्र के 20 किलोमीटर से ज्यादा लंबे हिस्से में नेशनल हाईवे अर्थारिटी एनएचआई द्वारा 5 साल पहले साल 2021 में बायपास के शहरी क्षेत्र में रौशनी करने के लिए पहली बार सैकड़ो बिजली के पोल पर हजारों एलइडी लाइटिंग लगाई गई थी। लेकिन बावजूद इसके हालत यह है कि आज भी बाईपास के आधे से ज्यादा हिस्से में जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही के चलते बड़े हिस्से में मुख्य सड़क के साथ सर्विस रोड़ पर भी लंबे समय से अंधेरा फैला हुआ है।



जबकि पिछले पांच साल में बायपास के देवगुराड़िया, बिचौली मर्दाना, कनाडिया रोड, निपानिया सहित अन्य शहरी क्षेत्र में सैकड़ों की तादात में कई बड़ी टाउन शिप और कालोनियों में हजारों परिवार बस गए। रोजाना बायपास से हजारों लोग गुजर रहें है। इधर ज़िम्मेदार अफसरों की अनदेखी और लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। हालत यह है कि राऊ बायपास चौराहे से लेकर देवासनाका तक के बड़े हिस्से में मेनरोड़ के साथ शहरी क्षेत्र की ज्यादातर सर्विस रोड़ पर भी आधी से ज्यादा एलईडी लाइटिंग बंद होने से अंधेरा फैला हुआ है।

जबकि यहां बायपास की हालत यह है कि यहां आए दिन बायपास के बड़े हिस्से में अंधेरे की वजह से कई छोटी-मोटी दुर्घटनाएं और गंभीर हादसे भी हो रहे है। इसके बावजूद जिम्मेदार है कि लंबे समय से यहां के मामले में ध्यान नहीं दे रहे है। जिसके कारण बायपास पर तेज रफ्तार दौड़ती अंधाधुंध बड़ी गाड़ियों की वजह आए दिन यहां अंधेरे की वजह से कई दुर्घटनाएं हो रही हैं। यही नहीं बीते सालों में कई बड़े गंभीर हादसों में अब तक कई लोग अपनी जान गवा चुके हैं। उसके बावजूद जिम्मेदार अफसर इस मामले में ध्यान नहीं देकर गंभीर लापरवाही कर रहे है। जबकि बायपास के लगभग 60 हिस्से में ज्यादातर जगह लाइटिंग बंदी पड़ी है। जिसमें मुख्य रूप से देवगुराडिया, बिचोली मर्दाना, कनाडिया रोड और निपानिया क्षेत्र जहां पिछले पांच साल से यहां के शहरी क्षेत्र में सैकड़ों बिजली के खंभों पर हजारों की संख्या में एलईडी लाइटिंग लगाई थी। लेकिन आज हालत यह है कि अभी भी आधे से ज्यादा बायपास के हिस्से में अंधेरा पसरा है। जिसके कारण यहां रहने वाले हजारों लोगों को आए दिन बायपास पर हादसे और दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। बताया जा रहा है कि यहां निगम और एनएचआई अफसरों के बीच मेंटेनेंस और रखरखाव की जिम्मेदारी को लेकर मामला उलझा पड़ा है। जिसको लेकर कई बार पत्र व्यवहार और वरिष्ठ अफसरों के निर्देश भी हो गए फिर भी कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है जिसके कारण बड़े हिस्से या तो कनेक्शन नहीं हुए या खराबी के बाद सुधार नहीं हो पा रहा है जिसका खामियाजा आमजन भुगत रहा है।

# मेन रोड पर आधी से ज्यादा सड़क बनकर तैयार

## *अब स्कूल से महावीर नगर टंकी तक तैयार हो रही लिंक रोड*



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 49 से जुड़े तिलक नगर मेन रोड़ क्षेत्र को सीधे पूर्वी रिंग रोड से लिंक करने का काम लंबे समय से चल रहा है। गीताभवन से तिलकनगर मेनरोड तक 60 फीट चौड़ाई वाली मुख्य सड़क को रिंग रोड़ पर शकुंतला हॉस्पिटल तक जोड़ने के लिए क्षेत्रिय पार्षद राजेश उदावत के प्रयासों से निगम द्वारा तिलक नगर मेंन रोड पर पहले चरण में बाधक निर्माण हटाने के बाद पब्लिक स्कूल से महावीर नगर पानी की टंकी और यहां से शकुंतला हॉस्पिटल रिंग रोड तक नई लिंक रोड बनाने के लिए तेजी के साथ निर्माण कार्य पूरा करवाया जा रहा है।

**15 अगस्त तक पूरा करवाने के प्रयास-** वर्तमान में यहां करीब 75 से 80 फ़ीसदी तक सड़क निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वहीं अब क्षेत्रीय पार्षद राजेश उदावत के प्रयासों से निगम द्वारा शेष बचे हिस्से में भी सड़क निर्माण कार्य तेज कर दिया है। जिसके लिए पिछले दिनों महापौर परिषद सदस्य उदावत ने अधिकारियों के साथ यहां का दौरा कर काम में तेजी लाकर जल्द काम पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।वहीं अब कहा जा रहा है अगले माह 15 अगस्त के आसपास जल्द बचा काम पूरा कर लिया जाएगा।जिससे महावीर नगर पानी की टंकी से स्कूल तक और टंकी से रिंग रोड तक बचा सड़क निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा ताकि वाहन चालकों को आने-जाने में सुविधा होगी।

**अभी लोगों को घूम कर लगाना पड़ता है लंबा चक्कर-** अभी हालत यह है कि गीता भवन क्षेत्र से तिलक नगर मेन रोड पर आने वाले वाहन चालकों को घूम कर रिंग रोड पर जाने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। वही आने वाले दिनों में बेहद जल्द लिंक रोड बनकर तैयार हो जाएगी उसके बाद लोगों का समय और ईंधन दोनों बचेंगे। इस लिंक रोड का निर्माण कार्य निगम द्वारा करीब 2 करोड रुपए की लागत से किया जा रहा है। तैयार रोड पर अब आने वाले दिनों में तो दर्जन से ज्यादा बिजली के पोल पर नई आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी। जिसको लेकर भी निगम द्वारा तैयारियां शुरू कर दी है।

# लिंक रोड तक का अंधेरा दूर होगा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** मालवीय नगर क्षेत्र में गली नंबर 2 और आसपास की गलियों में जहां तोड़फोड़ हुई थी। वहां एक ओर सड़क निर्माण का कार्य तेज हो गया है वहीं अब क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी और उजाले के लिए अब आने वाले दिनों में बेहद जल्द नई सेंट्रल लाइटिंग लगाने के लिए 50 से ज्यादा नए पोल लगेंगे जिन पर 100 से ज्यादा एलइडी लाइटिंग लगाई जाएगी ताकि क्षेत्र का लंबे समय का अंधेरा दूर हो और लोगों को रोशनी से बड़ी राहत मिले। वही अब मालवीय नगर क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवार और यहां से रात -दिन गुजरने वाले हजारों लोगों को भी जल्द लाइटिंग लगाने का कार्य शुरू हो जाने के बाद बड़ी राहत मिलेंगी। जबकि अभी अंधेरे के कारण आए दिन दुर्घटना और हादसा होने का खतरा बना रहता है। लाइटिंग लगने से लिंक रोड तक लोगों को आने-जाने में बड़ी सुविधा होगी। साथ ही लोगों की दुर्घटना और हादसे होने की आशंका भी खत्म होगी। बताया जा रहा है कि अगले माह में बेहद जल्द करीब 50 के आसपास नए बिजली के पोल पर 100 से ज्यादा एलईडी लाइटिंग लगाकर पूरे क्षेत्र में जगमगाहट की जाएगी जिससे क्षेत्र के लोगों को लंबे समय के बाद अंधेरे से राहत मिलेगी।



# संपत एवेन्यू कॉलोनी में जन सहयोग से होगा नई ड्रेनेज लाइन डालने का कार्य

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** राऊ विधानसभा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 76 से जुड़ी पॉश कॉलोनी संपत एवेन्यू कॉलोनी में अब क्षेत्र के रहवासी परिवारों के जन सहयोग से कॉलोनी के बाईपास वाले मुख्य गेट से लेकर बिचौली मरदाना क्षेत्र में भीतर वाले दूसरे गेट तक करीब एक किमी से ज्यादा लंबे हिस्से में सालों पुरानी लाइन बदलकर नई ड्रेनेज और स्ट्रांम वाटर लाइन डालने का काम जल्द शुरू किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के रहवासियों की सालों पुरानी मांग अब जाकर पूरी होगी।

गौरतलब है कि यह कॉलोनी जबसे अस्तित्व में आई है उसके बाद लगातार खाली प्लाटों पर मकान बनते गए और अब कालोनी में लगभग सभी प्लाट पर मकान बनाने का काम पूरा हो गया है, और बढ़ती संख्या और पुरानी लाइन पर लगातार बढ़ रहे दबाव को देखते हुए रहवासी संघ ने मिलकर सभी के जनसहयोग से नई प्लानिंग के साथ बड़ी लाइन और सालों पुरानी ड्रेनेज लाइन बदलकर नई डालने का का काम शुरू करने के साथ सालों पुरानी आधी - अधूरी लाइन को भी बदलने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके कारण लंबे समय से लोग परेशान हो रहे थे। वही अब क्षेत्र के सभी रहवासियों के जन सहयोग से निगम द्वारा यहां करीब एक करोड़ 20 लाख रुपए के आसपास खर्च कर सालों पुरानी क्षतिग्रस्त लाइन बदलकर नई स्ट्रांम वाटर लाइन डालकर क्षेत्र के सैकड़ो रहवासी परिवारों को बड़ी राहत देने की तैयारी की जा रही है।

## संपादकीय

### योजनाएं कई, फिर भी स्कूल छोड़ रहीं बेटियां, 9वीं-10वीं में सबसे ज्यादा ड्रॉपआउट

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल लद्दाख में माध्यमिक स्तर पर लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर सबसे अधिक 15.6 फीसदी दर्ज की गई। शिक्षा किसी भी देश के आर्थिक और सामाजिक विकास का आधार स्तंभ होती है। यह भी जरूरी है कि शिक्षा में अमीर-गरीब, जाति, धर्म, क्षेत्र या लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए ताकि सबको सामान अवसर मिल सके। यह सच है कि भारत के शिक्षित समाज में पिछले कुछ दशकों से महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है लेकिन चुनौतियां अभी बरकरार हैं। हाल ही में संसद में दी गई जानकारी के मुताबिक, साल 2025-26 में देश भर में नौवीं और दसवीं कक्षा के स्तर पर लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर 8 फीसदी रही जो अन्य कक्षाओं के मुकाबले सबसे अधिक है। यह हाल तब है जब सरकार की ओर से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और समग्र शिक्षा अभियान जैसे कार्यक्रम एवं योजनाएं शुरू की गई हैं। सवाल है कि जब सबको शिक्षा के समान और सुलभ अवसर मुहैया कराने की नीतियां लागू की जाती हैं तो लक्ष्य को पूरा करने की प्रतिबद्धता बीच रास्ते में ही दम क्यों तोड़ देती है? इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जब एक महिला शिक्षित होती है तो इसका प्रकाश पूरे परिवार को आलोकित करता है। योग्यता की बात की जाए तो देश में हर साल स्कूली बोर्ड परीक्षाओं में लड़कियां अव्वल रहती हैं। इसके बावजूद अगर उन्हें किसी कारणवश माध्यमिक स्तर पर ही स्कूल छोड़ने को विवश होना पड़े तो इसे व्यवस्था की नाकामी नहीं तो और क्या कहा जाएगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल लद्दाख में माध्यमिक स्तर पर लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर सबसे अधिक 15.6 फीसदी दर्ज की गई। इसके बाद असम और कर्नाटक का स्थान है जहां यह दर 13.9 फीसदी रही। इसके पीछे कई कारण बताए गए हैं जिनमें लड़कियों का घरेलू कार्यों और आर्थिक मामलों में परिवार का सहयोग करने के लिए स्कूल छोड़ देना या फिर माता-पिता का उनकी आगे की शिक्षा को जरूरी न समझना भी शामिल है।

# डीटीडीसी कूरियर पार्सल ट्रैक करने के नाम पर बुजुर्ग से ठगी

### दो मोबाइल नंबरों के जरिए क्रेडिट कार्ड से उड़ाए 1.20 लाख

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कनाड़िया थाना क्षेत्र में कूरियर पार्सल ट्रैकिंग के नाम पर एक बुजुर्ग के साथ 1 लाख 20 हजार रुपये की डिजिटल धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शातिर साइबर ठगों ने झांसा देकर पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से भारी-भरकम राशि का ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर लिया। खाते से रकम कटने का अहसास होते ही पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। फरियादी की शिकायत पर कनाड़िया थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, बिजली नगर निवासी 63 वर्षीय फरियादी प्रकाश पिता गणपत राव सातपुते ने थाने पहुंचकर साइबर फ्रॉड की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वे अपने डीटीडीसी कूरियर के पार्सल को ट्रैक करने की कोशिश कर रहे थे, तभी मोबाइल नंबर 9082584648 और 6394337996 के धारकों ने उनसे संपर्क किया और पार्सल ट्रैकिंग की प्रक्रिया पूरी करने का झांसा दिया। आरोपियों ने पार्सल की जानकारी अपडेट करने के बहाने बुजुर्ग को बातों में उलझाया और उनके क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी हासिल कर ली। इसके तुरंत बाद फरियादी के क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 20 हजार रुपये का अनधिकृत ट्रांजैक्शन कर धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। कनाड़िया थाना पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है और संबंधित मोबाइल नंबरों की लोकेशन व कॉल डिटेल रिकॉर्ड के आधार पर जांच साइबर सेल को सौंप दी है।

## नकली नोटों के साथ युवक गिरफ्तार

**पर्स से मिले 500 के चार नोट, पुलिस रिमांड की तैयारी**



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** देपालपुर पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए नकली नोटों के साथ एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान आरोपी के पर्स से 500-500 रुपये के चार नकली नोट कुल मूल्य दो हजार रुपये बरामद हुए हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि सभी नोटों का सीरियल नंबर एक जैसा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और नकली भारतीय मुद्रा रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है और नेटवर्क का पता लगाने के लिए कड़ाई से पूछताछ की जा रही है।ष्पुलिस के अनुसार, देपालपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोहित गार्डन के पास स्थित ईंट भट्टा के समीप एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है और नकली नोट खपाने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक रवींद्र सगर की टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम कुलदीप पिता कल्याण निवासी कृष्णधाम कॉलोनी, देपालपुर बताया जो पेशे से ड्राइवरी का काम करता है। पुलिस टीम ने जब आरोपी कुलदीप की तलाशी ली, तो उसके पर्स में से 500 रुपये के चार नकली नोट मिले। सभी नोटों पर एक ही सीरियल नंबर अंकित था। थाना प्रभारी रंजीत सिंह बघेल के अनुसार, पुलिस ने नकली नोटों के साथ पर्स को जब्त कर आरोपी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## बड़ा गणपति पर नशे में धुत आयशर चालक गिरफ्तार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मल्हारगंज थाना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बड़ा गणपति चौराहे से एक आयशर वाहन के चालक को शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़ा। जब पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहन की तलाशी ली, तो उसमें से करीब साढ़े 13 लाख रुपये मूल्य की गोवा रम और गोवा व्हिस्की की भारी मात्रा में पेटियां बरामद हुईं। शराब ले जाने का निर्धारित रूट सही न पाए जाने पर पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर पूरा माल व वाहन विधिवत जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मल्हारगंज पुलिस टीम बड़ा गणपति चौराहे पर चेकिंग कर रही थी, तभी आयशर वाहन क्रमांक एमपी-09 जीजी-6652 को रोककर जांच की गई। वाहन चालक शराब के नशे में धुत होकर लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम सुमित पिता मनमोहन सिंह गौर निवासी जिला रायसेन बताया। इसके बाद जब पुलिस ने आयशर वाहन की तलाशी ली, तो उसमें गोवा रम की कुल 300 पेटियां अनुमानित कीमत2 लाख 72 हजार रुपये और गोवा व्हिस्की की कुल 1200 पेटियां अनुमानित कीमत 10 लालख 84 हजार 800 भरी पाई गईं। जब्त की गई कुल शराब की कीमत 13 लाख 56 हजार रुपये आंकी गई है। शराब परिवहन का अधिकृत रूट सही न होने पर मल्हारगंज पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक सुमित गौर को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

**13.56 लाख की अवैध शराब जब्त, रायसेन का आरोपी पकड़ाया**

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 142900 | 141900 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 221400 | 219400 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## बाइक सवार दो तस्कर गिरफ्तार 2 किलो गांजा और मोटरसाइकिल जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मानपुर थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाइक सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लेबड़ रोड यात्री प्रतीक्षालय के पास घेराबंदी कर आरोपियों के कब्जे से 2 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, मानपुर थाना पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर अवैध मादक पदार्थ लेकर गुजरने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने लेबड़ रोड स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की। रात करीब8:55बजे बाइक पर आ रहे दो संदिग्धों को रोककर जब उनके बैग की तलाशी ली गई, तो उसमें से 2 किलो 1.72 ग्राम अवैध गांजा मिला। पुलिस ने मौके से दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम नेपाल पिता गोपाल सिसोदिया और संजय पिता गलसिंह सिसोदिया दोनों निवासी ग्राम जामनिया मोटा, मनावर, जिला धार बताए। मानपुर थाना पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# 'तूने मेरे पति से दूसरी शादी क्यों की?' कहकर महिला को घेरा

### दो महिलाओं और एक युवक ने लात-घूंसों व डंडे से पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

विजय नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मेदांता रोड स्थित ऑरेंज लिली होटल के बाहर दूसरी शादी की बात को लेकर जमकर विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। एक महिला को उसकी सहेलियों और एक युवक ने घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों तथा लकड़ी के डंडे से पीट दिया। पीड़िता की शिकायत पर विजय नगर थाना पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, सिंगापुर टाउनशिप ग्रीन लसूडिया निवासी फरियादिया अस्मिता पाण्डेय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादिया ने पुलिस को बताया कि वह मेदांता रोड स्थित ऑरेंज लिली होटल के पास अपने दोस्त कार्तिक ठाकुर, खुशी श्रीवास्तव और कृष्णा ठाकुर के साथ खड़ी थी। इसी दौरान वहां आरोपी स्वाति ठाकुर, मोनू भार्गव और मिष्टि पहुंचे। स्वाति ठाकुर सीधे अस्मिता के पास आई और विवाद करते हुए बोली कि 'तूने मेरे पति के साथ दूसरी शादी क्यों की है' इस पर फरियादिया ने जवाब दिया कि वह रजत ठाकुर के साथ बीते 5 सालों से रह रही है। इतनी बात सुनते ही स्वाति ठाकुर, मोनू भार्गव और मिष्टि भड़क गए और गालियां देने लगे। जब फरियादिया ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो स्वाति ठाकुर और मिष्टि ने मिलकर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी मोनू भार्गव ने पास ही पड़ा एक डंडा उठाया और फरियादिया की पीठ पर दे मारा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद दोस्तों और लोगों के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। विजय नगर थाना पुलिस ने पीड़ित अस्मिता पाण्डेय की शिकायत पर स्वाति ठाकुर, मोनू भार्गव और मिष्टि के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कभी बच्चे की केयरटेकर तो कभी पड़ोसी बनकर करती थी चोरी

## शातिर महिला दो मामलों में गिरफ्तार, लाखों के जेवर बरामद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** शहर के जूनी इंदौर थाना पुलिस ने चोरी की दो अलग-अलग वारदातों का खुलासा करते हुए एक शातिर महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला लोगों का विश्वास जीतकर कभी बच्चे की केयरटेकर तो कभी पड़ोसन बनकर सूने मकानों और अलमारियों से सोने-चांदी के कीमती जेवर पार कर देती थी। पुलिस ने गोपनीय विवेचना और संदेह के आधार पर 50 वर्षीय महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके कब्जे से दोनों वारदातों में चोरी गया शत-प्रतिशत माल बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, सर्वोदय नगर निवासी फरियादिया ने 27 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके पति की बेटमा में फैक्ट्री है और घर पर सास-ससुर व 5 साल की बेटी रहते हैं। 26 मार्च को दिन में 11 से 5 बजे के बीच घर से दो सोने की चेन, दो अंगूठियां और दो जोड़ी कान के टॉप्स गायब हो गए। पुलिस ने गोपनीय जांच शुरू की तो सामने आया कि घटना के कुछ दिनों पहले ही रखी गई 5 साल की बच्ची की देखरेख करने वाली केयरटेकर ही संदिग्ध है। आरोपी महिला मूल निवासी छत्तीसगढ़ पूर्व में नौलखा परिसर में रहती थी, जहां संदिग्ध गतिविधियों के कारण रहवासियों ने उससे फ्लैट खाली करवा लिया था। इसके बाद वह बीके सिंधी कॉलोनी में किराए से रहने लगी थी। इसी बीच बीके सिंधी कॉलोनी निवासी दूसरी फरियादिया ने 24 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई कि 23 जुलाई को वे अपने बेटे के साथ बाहर गई थीं और ससुर नीचे सो रहे थे। शाम को लौटने पर अलमारी का ताला टूटा मिला और अंदर रखे दो सोने की चेन, एक लॉकेट व तीन अंगूठियां गायब थीं। जूनी इंदौर पुलिस ने पड़ोसी होने के नाते उसी महिला पर संदेह जताया और हिरासत में लिया। पूर्व में पूछताछ के दौरान आरोपी महिला ने महिला अधिकारों व कानूनी प्रावधानों का सहारा लेकर पुलिस पर दबाव बनाने और झूठी शिकायतें करने का प्रयास किया था, लेकिन पुलिस की सटीक पतारसी के आगे उसकी चालाकी न चल सकी। कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने दोनों चोरियों का जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद पुलिस ने उससे चोरी किए गए सभी सोने के आभूषण बरामद कर लिए हैं।

## चेस चैंपियनशिप का सफल आयोजन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** वेदांश इंटरनेशनल स्कूल, में आयोजित प्रथम अंतर विद्यालय रैपिड चेस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उज्जैन, राऊ, महू, देवास और पीथमपुर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता स्विस सिस्टम एवं फिडे नियमों के अनुसार संपन्न हुई। इस अवसर पर कुल 125 विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। मुख्य अतिथि राजा भैया राजकुमार टोनेरे थे जिन्होने खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

# बुमराह की जगह टीम इंडिया में आएगा ये घातक गेंदबाज





**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार पेसर और टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 15 अगस्त से गॉल में श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुमराह अपने बाएं घुटने में अभी भी खिंचाव और दर्द महसूस कर रहे हैं। बीसीसीआई उनके मामले में कोई जल्दबाजी नहीं दिखाना चाहता और उन्हें पूरी तरह फिट होने की सलाह दी गई है। बुमराह ने भारत के लिए आखिरी टेस्ट मुकाबला नवंबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में खेला था ऐसे में श्रीलंका जैसी महत्वपूर्ण सीरीज से उनका बाहर होना भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के बाद सेलेक्टर जल्द ही उनके विकल्प का ऐलान कर सकते हैं, जिसमें 29 साल के तेज गेंदबाज आकिब नबी दार का नाम सबसे आगे चल रहा है। बारामूला से ताल्लुक रखने वाले और दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल चुके आकिब ने घरेलू क्रिकेट में लगातार अपने धारदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। हालांकि, उन्हें अब तक इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने का मौका नहीं मिला है लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए वे भारतीय टीम में शामिल किए जाने के प्रबल दावेदार बन चुके हैं।

आकिब नबी का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है। उन्होंने 43 फर्स्ट क्लास मुकाबलों की 71 पारियों में 18.63 के शानदार औसत और 2.90 की इकोनॉमी रेट से कुल 162 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उन्होंने 16 बार एक पारी में पांच विकेट और 4 बार मैच में 10 विकेट लेने का कारनामा किया है जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 24 रन देकर 7 विकेट रहा है। इसके अलावा उन्होंने 36 लिस्ट-ए मैचों में 56 विकेट और 39 टी20 मुकाबलों में 43 विकेट हासिल किए हैं जहां उनका गेंदबाजी औसत 27.37 और 25.27 का रहा है।

घरेलू सत्र में आकिब का बल्ला और गेंद दोनों चमके हैं। उन्होंने रणजी ट्रॉफी के 2024-25 सीजन के 8 मैचों में 44 विकेट झटके थे। इसके अगले ही सत्र यानी 2025-26 के रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 10 मैचों में रिकॉर्ड 60 विकेट चटकाए और अपनी टीम जम्मू-कश्मीर को पहली बार रणजी ट्रॉफी का ऐतिहासिक खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। इस सीजन में उन्होंने 7 बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया और बल्लेबाजी में दो अर्धशतकों की मदद से 245 रन भी बनाए। हाल ही में श्रीलंका दौरे पर गई इंडिया-ए टीम के सदस्य रहते हुए उन्होंने गॉल में खेले गए दो प्रथम श्रेणी मैचों में 6 विकेट चटकाए थे जिसमें एक पारी में 58 रन देकर 4 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। इससे पहले जून 2026 में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच के दौरान भी आकिब को भारतीय टीम में शामिल करने की मजबूत मांग उठी थी लेकिन बीसीसीआई सेलेक्टर्स ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया था।

# वरीय खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**इंदौर।** इंदौर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित रूसी पुनेगर स्मृति इंदौर जिला सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 में रविवार को विभिन्न वर्गों के मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल एवं मिश्रित युगल वर्ग के मुकाबले प्री-क्वार्टर फाइनल तक संपन्न हुए। अधिकांश वरीय खिलाड़ियों ने अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखते हुए अगले दौर में प्रवेश किया, वहीं कुछ मुकाबलों में बड़े उलटफेर भी देखने को मिले।

दिन का सबसे बड़ा उलटफेर पुरुष युगल वर्ग में देखने को मिला, जहां रवि पमनानी एवं अरुण शर्मा की जोड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त प्रज्ञान सलूजा एवं जय सोनी की जोड़ी को पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए 11-15, 15-12, 15-9 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह दिन का सबसे चर्चित मुकाबला रहा।

महिला एकल वर्ग में सबसे आकर्षण का केंद्र अंडर-11 वर्ग की खिलाड़ी इशमान सलूजा रहीं। नन्ही खिलाड़ी इशमान ने प्री-क्वार्टर फाइनल में सानवी कुमावत को रोमांचक मुकाबले में 14-16, 15-9, 15-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला शीर्ष वरीय ओजस्वी भोमिया से होगा। उनकी इस उपलब्धि की खिलाड़ियों एवं दर्शकों ने सराहना की।

पुरुष एकल वर्ग में शीर्ष वरीय कन्हैया शर्मा ने पर्व अग्रवाल को 15-11, 15-9, दूसरे वरीय युवराज तिवारी ने आदित्य शुक्ला को 15-6, 15-7, चौथी वरीय आशुतोष बिनानी ने गुणीत पाटिल को 15-7, 15-10, पांचवीं वरीय गौरव परमार ने गौरव यादव को 15-4, 15-5, सातवीं वरीय प्रज्ञान सलूजा ने प्रणव सोनी को 15-8, 15-1 तथा आठवीं वरीय ऑस्टिन नथानियल ने प्रतीक शिवहरे को 18-16, 15-17, 15-8 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया।

# बीमा दावों की उलझन सुलझाएगा 'निदान'

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**




बीमा पॉलिसीधारकों के लंबित, अस्वीकृत और आंशिक रूप से स्वीकृत बीमा दावों के समाधान के उद्देश्य से कार्यरत निदान क्लेम्स रिज़ॉल्यूशन के नए कॉर्पोरेट कार्यालय आरएनटी मार्ग पर शुरू हुआ। अतिथि डॉ. मनीष पोरवाल डॉ. निखिलेश जैन, एडवोकेट पवन कुमार, एडवोकेट विनोद वर्मा और मोहम्मद खान थे। बीमा कराने के बाद क्लेम के समय पालिसीधारकों को जे परेशानी का सामना करना पडता है जिनमें वैध क्लेम रिजेक्ट हो जाना, लंबे समय तक क्लेम लंबित रहना या अपेक्षा से कम राशि का सेटलमेंट होना जैसी समस्याओं के कारण उपभोक्ताओं को आर्थिक और मानसिक परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसे मामलों में सही मार्गदर्शन और विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निदान क्लेम्स रिज़ॉल्यूशन कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि संस्था स्वास्थ्य बीमा, जीवन बीमा, मोटर बीमा एवं अन्य सामान्य बीमा से जुड़े विवादित दावों में सेवाएं प्रदान करती है। संस्था की टीम संबंधित दस्तावेजों और पॉलिसी की शर्तों की समीक्षा करने के बाद मामले की प्रकृति के अनुसार आवश्यक प्रक्रिया अपनाती है और उचित मंच पर पॉलिसीधारक के दावे को प्रस्तुत करने में सहायता करती है। डायरेक्टर रॉबिन महेकाली ने उक्त जानकारी दी।

## सीबीएसई क्लस्टर-12 टेबल टेनिस प्रतियोगिता में इंदौर दबदबा

**इंदौर।** सीहोर स्थित आईईएस पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-12 टेबल टेनिस टूर्नामेंट-2026 में द एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल, इंदौर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अपने नाम किए। विद्यालय की बालिका टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 एवं अंडर-17 टीम वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इसके साथ ही विद्यालय को प्रतियोगिता का प्रतिष्ठित 'ओवरऑल गर्ल्स चैंपियन' पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

अंडर-14 बालिका वर्ग की विजेता टीम में नेहल नाहर (कक्षा 8), सिद्धिक्षा जैन (कक्षा 7), आकांक्षा ठाकुर (कक्षा 8) एवं भाव्या ठाकुरिया (कक्षा 4) शामिल रहीं। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग में आराध्या राजपूत (कक्षा 9), सिद्धि भदौरिया (कक्षा 9) एवं रिद्धिका पाटीदार (कक्षा 4) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को स्वर्णिम सफलता दिलाई। बालक वर्ग में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अंडर-14 वर्ग में कियान इंगले, आर्यन ठाकुर एवं आर्या गुप्ता की टीम तथा अंडर-19 वर्ग में विराट वानखेड़े, रुद्रांश झा एवं अद्रिक जैन की टीम ने द्वितीय उपविजेता (कांस्य पदक) का स्थान हासिल किया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में अंडर-14 बालिका वर्ग में नेहल नाहर ने रजत पदक (प्रथम उपविजेता) प्राप्त किया, जबकि अंडर-17 बालिका वर्ग में आराध्या राजपूत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

# 39 मेडल के साथ चौथे नंबर पर रही टीम इंडिया



**नई दिल्ली ।** ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का शानदार समापन हो गया है जहां भारतीय एथलीटों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाया। भारत ने इस बार कुल 39 पदक जीतकर मेडल टेली में चौथा स्थान हासिल किया। भारतीय दल ने प्रतियोगिताओं में 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज मेडल पर अपना कब्जा जमाया। भारत का यह अभियान मुक्केबाजों के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन और एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, जूडो व पैरा खेलों में खिलाड़ियों के दमदार खेल के दम पर बेहद यादगार रहा।

अंक तालिका की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया 70 गोल्ड, 45 सिल्वर और 56 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर कुल 171 पदकों के साथ पहले स्थान पर रहा। इंग्लैंड 29 गोल्ड समेत 110 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर जबकि कनाडा 19 गोल्ड सहित कुल 62 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा जमाने में सफल रहा। भारत 13 गोल्ड और कुल 39 पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा जबकि मेजबान स्कॉटलैंड ने भी 13 गोल्ड और कुल 39 पदक हासिल कर भारत के साथ चौथा स्थान साझा किया हालांकि भारत अधिक सिल्वर मेडल (17) होने के कारण तालिका में आगे रहा।

भारत के लिए इस बार सबसे बड़ी सफलता मुक्केबाजी (बॉक्सिंग) के रिंग से आई, जहां मुक्केबाजों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अकेले 7 स्वर्ण और 3 रजत पदक दिलाए।

इसके अलावा एथलेटिक्स (जिसमें पैरा-एथलेटिक्स भी शामिल है) के एथलीटों ने भी शानदार लय बरकरार रखी और 3 स्वर्ण, 7 रजत व 6 कांस्य पदकों के साथ कुल 16 पदक देश की झोली में डाले। वेटलिफ्टिंग और जूडो में भी भारतीय खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिला, वहीं पैरा पावरलिफ्टिंग में भी भारत को एक कांस्य पदक हासिल हुआ।

## हरिओम बने मध्यप्रदेश स्टेट हेड, चुनाव परिणाम हुए घोषित

**इंदौर।** वारियर्स जर्नी कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मध्यप्रदेश स्टेट हेड पद के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए हैं। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने और सभी वैध मतों की गणना के बाद हरिओम परमार को मध्यप्रदेश का नया स्टेट हेड चुना गया है। फेडरेशन की कार्यकारिणी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में कराटे खेल का विस्तार होगा और संगठन को नई मजबूती मिलेगी। फेडरेशन ने चुनाव में भाग लेने वाले सभी सदस्यों और उम्मीदवारों के सहयोग, अनुशासन और खेल भावना की सराहना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।



## विराट कोहली और रवि शास्त्री की जोड़ी के आज तक कायल हैं भुवनेश्वर कुमार

**नई दिल्ली ।** विराट कोहली और रवि शास्त्री की कप्तान-कोच वाली जोड़ी काफी फेमस थी। दोनों ने एक मास्टरप्लान बनाया था, जिसने भारतीय क्रिकेट की तकदीर बदलने का काम किया था। इसके बारे में अब भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने बड़ा दावा किया है। भारतीय टीम से बाहर चल रहे भुवनेश्वर कुमार ने कहा है कि भारत में पहले स्पिन फ्रेंडली विकेट बनते थे, लेकिन विराट-शास्त्री की जोड़ी ने इस ट्रेडिशन को तोड़ा था और भारत में भी पेस फ्रेंडली विकेट बनवाने शुरू किए थे, ताकि विदेश में जाकर तेज गेंदबाजों को मदद मिले।

भुवनेश्वर कुमार ने कहा, आमतौर पर, भारतीय पिचें स्पिन को फायदा पहुंचाती थीं, जबकि विदेशी हालात तेज गेंदबाजी के लिए सही थे, लेकिन उस समय, इसका बहुत सारा क्रेडिट विराट कोहली और रवि शास्त्री को जाता है। उनका विजन साफ था। मुझे याद है कि उन दौरों से पहले हमारे जरूरी विदेशी दौरे आने वाले थे, यहां तक कि हमारे घरेलू टेस्ट मैच भी ऐसी पिचों पर खेले गए जो तेज गेंदबाज़ों की मदद करती थीं, बस हमें तैयार करने के लिए। इससे उनका विजन पता चलता है, वे एक पेस अटैक बनाने के बारे में थे। ऐसे छोटे फैसले बहुत मायने रखते हैं। विराट कोहली और रवि शास्त्री की जोड़ी हमेशा से टेस्ट क्रिकेट को लेकर ज्यादा सोचती थी। रवि शास्त्री ने तो कई बार इस तरह के बयान भी दिए थे कि टेस्ट मैच अगर जीतना है तो 20 विकेट लेने होंगे। उन्होंने एक बार ये भी कहा था कि पिच को गेम से निकालो और कैसे भी 20 विकेट निकालो। इसी मंत्र के साथ विराट-शास्त्री के तहत भारतीय टीम खेली थी। घर पर ही नहीं, बल्कि विदेशी सरजमीं पर भी भारत ने दमदार प्रदर्शन किया था। रवि शास्त्री ने ही दो बार ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज भारत को जिताई थी।

## पहले दिन मेजबान वेस्टइंडीज ने 5 विकेट पर 239 रन बनाए

**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** क्वींस पार्क ओवल में खेले जा रहे वेस्टइंडीज बनाम पाकिस्तान दूसरे टेस्ट के पहले दिन पाकिस्तान के स्पिनरों ने लंबे समय तक मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी, लेकिन अंत में वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने अपना पलड़ा भारी कर लिया। बारिश से प्रभावित शुरुआती दिन का खेल खत्म होने तक मेजबान टीम ने 5 विकेट पर 239 रन बना लिए। जस्टिन ग्रीव्स 55* और कप्तान रोस्टन चेज 36* रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 66 रन की अटूट साझेदारी हुई, जिसने वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

टॉस के बाद वेस्टइंडीज ने तेज शुरुआत करते हुए 10 ओवर से पहले 49 रन जोड़ दिए, लेकिन बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। बारिश से ठीक पहले मोहम्मद अली ने टेगनारायण चंद्रपॉल (16) का विकेट लेकर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद अली उस्मान और साजिद खान ने स्पिन का जाल



बिछाया। उस्मान ने अपने टेस्ट करियर का पहला विकेट ब्रैंडन किंग (46) के रूप में लिया, जबकि साजिद ने कावेम हॉज को आउट कर वेस्टइंडीज पर दबाव बढ़ा दिया।

शाई होप (29) और आमिर जंगू (26) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन डेब्यू कर रहे उबैद शाह ने जंगू को आउट कर पाकिस्तान को चौथी सफलता दिलाई। हालांकि इसके बाद जस्टिन ग्रीव्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए ढीली गेंदों का पूरा फायदा उठाया। शाई होप के 47 रन पर आउट होने के बाद ऐसा लगा कि पाकिस्तान निचले क्रम को जल्दी समेट देगा। लेकिन कप्तान रोस्टन चेज ने ग्रीव्स का बेहतरीन साथ निभाया। दोनों ने संभलकर बल्लेबाजी की और दिन का खेल समाप्त होने तक पाकिस्तान को कोई और सफलता नहीं मिलने दी।

अब दूसरे दिन वेस्टइंडीज की नजर 300 से अधिक का स्कोर खड़ा करने पर होगी, जबकि पाकिस्तान जल्द से जल्द बाकी 5 विकेट लेने की कोशिश करेगा। पाक टीम की ओर से मोहम्मद अली अबतक सबसे सफल गेंदबाज रहे, उन्होंने 17 ओवर में 49 रन देकर 2 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। इसके अलावा उबैद शाह, अली उस्मान और साजिद खान के नाम 1-1 विकेट रही।

## लीजेंड्स लीग में भारत बना नंबर-1, पाकिस्तान फिसड्डी

**नई दिल्ली ।** भारत ने पाकिस्तान को हराकर अपना लीजेंड्स लीग का दूसरा मुकाबला जीत लिया है। इससे पहले टीम इंडिया ने बांग्लादेश टाइगर्स को धूल चटाई थी। लगातार दो मैच जीतने के बाद टीम इंडिया एशियन लीजेंड्स लीग 2026 पॉइंट्स टेबल में पहले पायदान पर पहुंच गई है। भारत के खाते में कुल 4 अंक है और टीम इंडिया का नेट रन रेट (1.032) भी टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहीं सभी 6 टीमों में सबसे बेहतर है। वहीं लगातार दूसरा मैच हारने वाली पाकिस्तान की टीम पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे लगी हुई है। भारत से हारने से पहले उन्हें एशियन स्टार्स के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था।

पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने भारत के सामने 168 रनों का टारगेट रखा था। कप्तान ऋषि धवन की शानदार अर्धशतकीय पारी के दम पर टीम इंडिया ने इसे 2 विकेट रहते चेज कर लिया। शिखर धवन, सुरेश रैना, हरभजन सिंह, दिनेश कार्तिक और अंबाती रायुडू जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी भारतीय स्क्वॉड का हिस्सा हैं, मगर वह पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेले। पाकिस्तान अपने पूर्व दिग्गजों के दम पर भारत से कड़ा मुकाबला करने उतरा थी, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा।

168 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को अच्छी शुरुआत नहीं मिली। नमन ओझा 4 (4) बनाकर आउट हुए, उन्हें मोहम्मद इरफान ने आउट किया। अभिषेक जलोटा ने 19 गेंदों पर 2 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 30 रनों की धुआंधार शुरुआत देने की कोशिश की।

## कार्तिकेय, अनुज, अबु, पंकज, हिया, भाग्यश्री, अक्षीता, आराध्या सेमीफायनल में

**इंदौर।** इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में सत्र की तृतीय इंदौर जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा में पुरुष एकल वर्ग में कार्तिकेय, अनुज, अबु, पंकज तथा महिला एकल वर्ग में हिया, भाग्यश्री, अक्षीता, आराध्या ने सेमीफायनल मुकबले में प्रवेश किया।



पुरुष एकल वर्ग में क्वार्टर फायनल मुकाबलों में कार्तिकेय कौशिक ने रक्षत चावडा को 3-0 से, अनुज सोनी ने सार्थक खरे को 3-0 से, अबु बकर ने अर्जुन गुप्ता को 3-0 से, पंकज विश्वकर्मा ने रिदम गढिया को 3-1 से हराकार सेमीफायनल में जगह बनाई।

महिला एकल वर्ग के क्वार्टर फायनल मुकाबलों में हिया पटेल ने आन्या त्रिवेदी को 3-0 से, भाग्यश्री दवे ने आरवी जैन को 3-0 से, अक्षीता मित्तल ने रीत इंगले को 3-0 से, आराध्या जैन ने सिदीक्षा जैन को 3-0 से हराकर सेमीफायनल में जगह बनाई।

बालक अंडर-19 आयु वर्ग के क्वार्टर फायनल मुकाबलों में रिदम गढिया ने राघव राठौर को 3-2 से, अभि जैन ने मित मिमरोट को 3-1 से, रक्षत चावडा ने मृदुल पुरोहित को 3-0 से, अबु बकर ने समीर सैयद को 3-1 से हराया।

बालिका अंडर-19 आयु वर्ग क्वार्टर फायनल मुकाबलों में हिया पटेल ने आरवी जैन को 3-1 से, भाग्यश्री दवे ने अनिका माहेश्वरी को 3-0 से, अक्षीता मित्तल ने नेहल नाहर को 3-1 से, आराध्या राजपुत ने सानीव सिंघल को 3-0 से परास्त कर सेमी फायनल मे पहुंचे।

## देशभर के खिलाड़ी देंगे योग से निरोध रहने का संदेश

**इंदौर ।** योग से निरोग रहने का संदेश देने देशभर के खिलाड़ी इंदौर में इकठ्ठा होंगे। प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी योग चैंपियनशिप शहर के द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में 3 से 7 अगस्त तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें बालक और बालिका वर्ग में अपनी प्रतिभागिता करेंगी। एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि योग भारतीय ज्ञान परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहा है। यह शरीर के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। अब योग खेल के रूप ले चुका है। शहर में आयोजित ऑल इंडिया आइपीएससी स्पर्धा तीन आयु वर्गों में आयोजित होगी। इसमें अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग में बालक एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# चार अलग-अलग सड़क हादसों में चार की मौत

## कहीं खड़े ट्रक में घुसी बाइक, तो कहीं लोडिंग वाहन और अज्ञात टक्कर से गई जान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान लसूडिया, खुड़ैल और मूसाखेड़ी क्षेत्र में हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में एक सिक्योरिटी गार्ड, एक नौकरीपेशा व्यक्ति और अपनी बहन से मिलने भोपाल जा रहा युवक शामिल है। संबंधित थाना पुलिस ने तीनों मामलों में मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और हादसों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।**

**पहला** हादसा लसूडिया थाना क्षेत्र में हुआ, जहां देवास जिले के टिगरिया निवासी 29 वर्षीय सूरज पिता राधेश्याम की सड़क दुर्घटना में जान चली गई। सूरज इंदौर में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। देर रात ड्यूटी खत्म कर वह बाइक से अपने घर लौट रहा था, तभी लसूडिया इलाके में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि गंभीर चोट लगने के कारण सूरज की मौके पर ही मौत हो गई।



**दूसरा** हादसा खुड़ैल थाना क्षेत्र में सामने आया, जहां अम्बा मूल्या खुड़ैल निवासी 40 वर्षीय अशोक पिता जगदीश हादसे का शिकार हो गए। अशोक रोजाना की तरह अपने ऑफिस का काम निपटाकर बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार से आ रहे एक छोटा हाथी लोडिंग वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में अशोक गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**तीसरी** घटना मूसाखेड़ी क्षेत्र की है, जहां 35 वर्षीय संजय पिता रमेश की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, संजय अपनी बहन से मिलने के लिए भोपाल जाने वाला था और बस पकड़ने के लिए पैदल घर से निकला था। रास्ते में किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने पैदल चल रहे संजय को जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। राहगिरों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस तीनों मामलों में टक्कर मारने वाले वाहन चालकों की तलाश में जुटी है।



# 1.10 लाख की अवैध ब्राउन शुगर के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** शहर में अवैध मादक पदार्थों और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंदन नगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने देर रात कॉम्बिंग गश्त के दौरान सिंहासा वाइन शॉप के पास से एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10.85 अवैध ब्राउन शुगर जब्त की है। जब्त की गई ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशों के तहत चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक कारोले के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम देर रात हॉटस्पॉट और सुनसान इलाकों में सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सिंहासा वाइन शॉप के पीछे खाली मैदान में एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने लगा। पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी कर उसे पानी की टंकी के पास दबोच लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से 10.85 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम ऋषि वर्मा पिता मुकेश वर्मा निवासी चांदमारी ईंटभट्टा बताया।

पूछताछ में आरोपी ऋषि वर्मा ने खुलासा किया कि वह नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने तथा जल्दी रुपए कमाने के लिए मंदसौर और रतलाम से सस्ते दामों में ब्राउन शुगर खरीदकर लाता था। इसके बाद वह इंदौर में पुड़िया बनाकर महंगे दामों



### मंदसौर-रतलाम से लाता था ड्रग्स

पर बेचता था। पूर्व में वह यह काम अपने भाई के साथ मिलकर करता था, लेकिन भाई के जेल जाने के बाद से अकेले ही नेटवर्क चला रहा था। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आर्म्स एक्ट, आबकारी और एनडीपीएस एक्ट के चार अपराध दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपी से रिमांड के दौरान ड्रग्स के मुख्य सप्लायर और पूरे नेटवर्क के संबंध में कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

## युवती ने उपचार के दौरान तोडा दम

**विजय नगर सी-21 माल के पास कल दोपहर 2 बजे निकिता को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह निजी कम्पनी में कार्यरत थी। बताया जा रहा है कि निकिता नरसिंहपुर की रहने वाली थी। यहां किराए के मकान में रहती थी। परिवार में पिता, भाई एवं अन्य परिजन है। पुलिस अज्ञात की तलाश में जुटी है।**

# चिकन के दाम को लेकर विवाद

### दूसरी दुकान जाने पर भड़का दुकानदार, हथौड़े से हमला कर ग्राहक को किया लहूलुहान

इंदौर। विजय नगर थाना क्षेत्र के रोबोट चौराहे के पास स्थित वाइन शॉप के समीप चिकन खरीदने गए एक युवक पर दुकानदार द्वारा जानलेवा हमला करने की वारदात सामने आई है। मुर्गे के दाम ज्यादा लगने पर जब ग्राहक दूसरी दुकान की ओर बढ़ने लगा, तो बौखलाए दुकानदार ने गाली-गलौज करते हुए दुकान में रखे हथौड़े से हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित के सिर, गाल और पसली में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर विजय नगर थाना पुलिस ने अज्ञात दुकानदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मूल रूप से ग्राम रांची जिला शिवपुरी निवासी फरियादी प्राण सिंह पिता सरवनलाल धाकड़ ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह चिकन खरीदने के लिए रोबोट वाइन शॉप के पास स्थित एक दुकान पर गया था। वहां उसने दुकानदार से चिकन का भाव पूछा, जो उसे काफी अधिक लगा। इस पर फरियादी सामान न खरीदकर पास ही स्थित दूसरी दुकान की तरफ जाने लगा। इसी बात से नाराज होकर संबंधित चिकन विक्रेता जिसका नाम फरियादी नहीं जानता वह भड़क गया और फरियादी को गालियां देने लगा। जब प्राण सिंह ने अकारण गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी दुकानदार ने आपा खो दिया और अपनी दुकान में पड़ा तार वाला भारी हथौड़ा उठाकर फरियादी पर दे मारा। हथौड़े का वार सीधे फरियादी के बाएं गाल, सिर और बाईं तरफ पसली में लगा, जिससे गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा। आसपास के लोगों के बीच-बचाव करने पर आरोपी धमकी देने लगा।

# फिनिक्स मॉल में बिना अनुमति चल रहा था ढोली तारा गरबा बैटल

### भीड़ और अव्यवस्था पर पुलिस का एक्शन, आयोजक पर केस दर्ज

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित फिनिक्स मॉल में बिना सक्षम अधिकारी की वैध अनुमति के बड़े पैमाने पर गरबा इवेंट का आयोजन करने और अव्यवस्था फैलाने का मामला सामने आया है। कनाड़िया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जब अनुमति पत्र मांगा तो आयोजक कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर बिना इजाजत कार्यक्रम आयोजित करने और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने पर आयोजक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार, ए.बी. रोड बायपास स्थित फिनिक्स मॉल में ढोली तारा गरबा बैटल इवेंट का आयोजन किया जा रहा था। इस आयोजन में भारी संख्या में युवाओं की भीड़ इकट्ठा हो गई थी, जिससे मॉल और आसपास के परिसर में भारी अव्यवस्था उत्पन्न हो रही थी। सूचना मिलते ही कनाड़िया थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस टीम ने जब आयोजन के संबंध में पूछताछ की, तो कार्यक्रम का मुख्य आयोजक आशुतोष पिता सतीश करमोदिया निवासी गुलाबबाग कॉलोनी सामने आया। पुलिस अधिकारियों ने आयोजक आशुतोष से इतने बड़े आयोजन को करने के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वैध अनुमति पत्र दिखाने को कहा, लेकिन आयोजक कोई भी अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। बिना अनुमति के भीड़ जुटाने और सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर कनाड़िया थाना पुलिस ने आयोजक आशुतोष करमोदिया के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की है।

# आईटी पार्क ब्रिज निर्माण स्थल से लोहे का सरिया व पाइप चोरी करने का प्रयास

### ई-रिक्शा सवार दो शातिर रंगे हाथ धराए

**इंदौर।** आईटी पार्क चौराहे पर बन रहे निर्माणाधीन ब्रिज से लोहे की सामग्री चोरी कर ले जाने की कोशिश कर रहे दो शातिर चोरों को मौके पर ही धर दबोचा गया। आरोपी ई-रिक्शा में कंपनी का सरिया और भारी स्टील पाइप लादकर भागने की फिराक में थे, लेकिन सतर्क फरियादी ने गार्ड और पुलिस की मदद से दोनों को मौके पर ही दबोच लिया। भंवरकुआं थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर चोरी में प्रयुक्त ई-रिक्शा और माल जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, मूल रूप से हुगली पश्चिम बंगाल निवासी फरियादी अनीश पिता राजेश कुमार गुप्ता हाल मुकाम शिवपुरी कॉलोनी, भोलाराम उस्ताद मार्ग, इंदौर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वे आईटी पार्क चौराहा स्थित निर्माणाधीन ब्रिज स्थल पर तैनात थे। इसी दौरान आरोपी धानेन्द्र और धर्मेन्द्र कोली दोनों निवासी परदेशीपुरा, वहां अपने ई-रिक्शा क्रमांक श्झ 09ॅ 9887 से पहुंचे। दोनों आरोपियों ने साइट पर रखी गोयल कंपनी का 12 एमएम का सरिया लगभग 20 किलो और एमएस स्टील के 2 नग पाइप लगभग 22 किलो उठाकर अपने ई-रिक्शा में लाद लिए और चोरी कर भागने लगे। फरियादी की नजर जैसे ही दोनों पर पड़ी, उन्होंने तुरंत सुरक्षा गार्ड और गश्त कर रही पुलिस टीम की मदद से ई-रिक्शा को घेरकर दोनों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।